दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 21 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-241 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

संसद का शीतकालीन सत्र भी हंगामों की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। पिछले कई दिनों से चीन को लेकर संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती चल रही है। जिसकी वजह से संसद का कामकाज बाधित हो रहा है। विपक्ष चीन के मामले में सदन में प्रधानमंत्री के बयान की मांग पर अड़ा हुआ है। जबकि सत्तापक्ष का कहना है कि इस मामले में रक्षामंत्री का बयान देना ही काफी है। बेहतर होगा कि सरकार चीन के मामले पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर यह टंटा तोड़े ताकि संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके।

//-- सुविचार --//

आप जिसे बल से नहीं हरा सकते उसे बुद्धि से अवश्य हरा सकते हो।

बॉलीवुड एक्टर्स पहुंचे सी-मार्ट, काजू, ग्रीन टी, चावल जीरा फूल खरीदा

■ छत्तीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल भी देखने पहुंचे, बच्चों के साथ ली सेल्फी

जशपुर/नवप्रदेश। हिंदी फिल्म के प्रोड्यूसर अनीश रंजन, डायरेक्टर कनिका वर्मा, सीआईडी फेम आदित्य श्रीवास्तव, आकांक्षा पिंगले, स्निग्धा मोंडल सोमवार को छत्तीसगढ़ के जशपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की ओर से बनाए गए सी-मार्ट का भी दौरा किया। कलाकारों ने स्व सहायता समूह के बनाए जा रहे उत्पादों की जानकारी ली। साथ ही जशपुर के काजू, ग्रीन टी, जीरा फूल चावल सहित अन्य उत्पाद खरीदे। दरअसल, ये कलाकार एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में जशपुर पहुंचे हैं। डायरेक्टर और कलाकारों ने बताया कि जिस मूवी की शूटिंग हो रही है, उसका नाम मुनरैन है। यह मूवी एक हॉकी खिलाड़ी के स्ट्रगल पर है। उन्होंने कहा कि, प्रकृति की गोद में बसा जशपुर बहुत सुंदर है। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। यहां फिल्म की शूटिंग करके बहुत आनंद आ रहा है। मूवी की शूटिंग जशपुर के ही एक गांव में हो रही है। दरअसल, सी मार्ट छत्तीसगढ़ शासन की एक योजना है, जिसे छत्तीसगढ़ बाजार के नाम से भी जानते हैं। सी-मार्ट हर जिले में, कई जिलों में कस्बाई स्थानों में खोला गया है। यहां स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा स्थानीय गौठानों में, अपने घरों में बनाये गए उत्पादों को बेचा जाता है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल भी पहुंचे कलाकार

सीआईडी फेम आदित्य श्रीवास्तव और उषा जाधव, आकांक्षा पिंगले डारेक्टर अविनाश दास एवं कनिका वर्मा और प्रोड्यूसर अनीस रंजन की टीम स्वामी आत्मानंन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल का अवलोकन किया और बच्चों से रूबरू होकर उनका उत्साह वर्धन किया अपने बीच फिल्म के डारेक्टर और कलाकार से मिलकर बच्चें बहुत खुश हो गये बच्चों ने बताया कि अभी तक हम लोगों ने सीआईडी में देखते थे। आज आदित्य श्रीवास्तव और फिल्म के डायरेक्टर आमने सामने देखने का मौका मिला की टीम ने बच्चों के साथ सैल्फी भी ली। टीम ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य बना कर सभी बच्चें अच्छे से पढ़ाई करें।

छग की फिल्म नीति ने किया प्रभावित

छग सरकार ने प्रदेश में पहली फिल्म नीति लागू किया गया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कहा कि सीएम भूपेश बघेल के सोच और मंशा अनुसार छत्तीसगढ़ में भी फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए फिल्म नीति लागू किया गया। इसी कड़ी में जशपुर जिले में फिल्म की शूटिंग की जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने फिल्म और टीवी इंडस्ट्री के विकास के लिए सब्सिडी की घोषणा की छत्तीसगढ़ में बनी छत्तीसगढ़ फिल्मों के लिए 33 प्रतिशत सब्सिडी देगी सरकार इसी प्रकार दूसरी भाषाओं की फिल्म के लिए और यहां के लोकेशन में बनती है तो 25 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान रखा गया है। छग की फिल्म नीति के कारण ही बालीवुड के फिल्म निर्देशक आकर्षित हो रहे और छत्तीसगढ़ के विभिन्न सुंदर और प्राकृतिक सौंदर्य जगहों पर सूटिंग करने आर रहे हैं।

सूर्योदय

उदय : 7:13 प्रात:

अस्त : 5:24 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,006,451,322

भारत : 1,414,188,995

बाजार

सेंसेक्स : 61702.29

निफ्टी : 18385.30

गोल्ड : 54,260 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 69,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 6.06 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.2	13.5
बिलासपुर	29.4	12.0
जगदलपुर	31.0	11.5
अंबिकापुर	23.5	08.0

आज का दिवस

1620 में मेफ्लावर तीर्थयात्री प्लायमाउथ कॉलोनी की स्थापना के लिए अब प्लायमाउथ, मैसाचुसेट्स में उतरा। 1784 में जॉन जे. अमेरिका के पहले विदेश मंत्री बने। 1784 में जॉन जे पहले अमेरिकी विदेश सचिव (विदेश मामलों) चुने गए। 1826 में मैक्सिकन टेक्सास में अमेरिकी बसने वालों ने मेक्सिको से सबसे पहले जीवित रहने का पहला प्रयास किया, जिससे अल्पकालिक गणतंत्र फ्रेडोनिया की स्थापना हुई। 1844 में रोशडेल पायनियर्स, जिसे आमतौर पर पहला सफल-सहकारी उद्यम माना जाता है, ने रोचडेल, इंग्लैंड में अपना स्टोर खोला और आधुनिक सहकारी आंदोलन के लिए आधार को विकृत किया।

राष्ट्रपति से मिलीं राज्यपाल, हीरक जयंती समारोह के लिए दिया न्यौता

■ सीएम बोले- राष्ट्रपति को आरक्षण संशोधन विधेयक को 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए भी मना कर आएं

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राज्यपाल अनुसुईया उइके ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनका कुशलक्षेम जाना। राष्ट्रपति मुर्मु को राज्यपाल सुश्री उइके ने प्रदेश की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा 12 जनवरी 2023 को प्रदेश के प्रतिष्ठित शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर के स्थापना के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'हीरक जयंती समारोह', एमिटी विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह तथा आदिवासी शिव संस्कृति समिति, जिला-नर्मदापुरम द्वारा 12 से 18 फरवरी 2023 को आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ने अपने निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप यथासंभव आने की बात कही। इस दौरान राष्ट्रपति को राज्यपाल ने राजभवन की त्रैमासिक पत्रिका 'एक आशा' की प्रति भी भेंट की और राजभवन सचिवालय की नवाचार संबंधी गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मु का शाल व स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिवादन किया। राज्यपाल सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिली थीं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य के मामले पर चर्चा हुई। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है, राज्यपाल वहां गई हैं तो राष्ट्रपति को आरक्षण विधेयकों को नवी अनुसूची में शामिल करने के लिए कन्विंस करना चाहिए। ■ शेष पृष्ठ 6

हरियाणा के मंत्री के बयान पर पलटवार

हरियाणा के मंत्री अनिल विज के राक्षस' वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने तंज भरी प्रतिक्रिया दी। सीएम ने कहा, मैंने अपने बयान में जो सवाल उठाया था उसका जवाब तो उन्होंने दिया नहीं। अब सर्टिफिकेट बांट दिया। इनके पास सर्टिफिकेट की फैक्ट्री है जो ये लोग बांटते रहते हैं। भाजपा के खिलाफ बोलो तो धर्मद्रोही, केंद्र सरकार के खिलाफबोलो तो देशद्रोही और इनके खिलाफ बोलो तो राक्षस? बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री रायपुर पुलिस लाइन हेलीपैड पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। अनिल विज के बयान से जुडे सवाल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, केसरिया, भगवा अथवा गेरुआ रंग त्याग का प्रतीक है। कोई संन्यासी, ऋषि-मुनी जब सब त्याग देता है और पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर देता है तो वह भगवा, केसरिया या गेरुआ रंग धारण करता है। मैंने पूछा था कि ये जो बजरंगी हैं उन्होंने कौन सा त्याग किया है जो भगवा धारण किये हुए हैं। उसका जवाब तो दिया नहीं। अब सर्टिफिकेट बांट दिया।

केंद्र सरकार पर भी साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर केंद्र सरकार और भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा, मुख्य बात यह है कि देश की सीमा की सुरक्षा होनी चाहिए। हमारी सेना दुनिया की गिनी-चुनी सेनाओं में से एक है। पूरे भारतीयों को उनपर गर्व है। लेकिन जिस प्रकार से भाजपा की केंद्र सरकार सीमा को लेकर मौन साधे बैठी है। संसद चल रहा है उसमें चर्चा करने से भाग रही है। विपक्ष जब मांग कर रहा है तो सरकार भाग क्यों रही है, चर्चा करना चाहिए। संसद किस लिए है, चर्चा करने के लिए ही ना। सेना की क्षमता पर किसको शंका है भाई? सेना को कमजोर करने के लिए ही ये अग्निवीर ले आए। चार साल में प्रशिक्षण करेंगे कि सीमा पर तैनात होंगे। वह 17 साल में भर्ती होगा और 21 साल में रिटायर हो जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 6

सरकारी इमारतों में होगा गोबर पेंट, सीएम ने जारी किए निर्देश

■ आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने का फरमान जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब सभी सरकारी इमारतों में गोबर पेंट अनिवार्य कर दिया गया है। इसको लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही कहा है कि इसका उल्लंघन करने वाले अफसर पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्माण विभागों के केमिकल पेंट का उपयोग करने पर नाराजगी जताई है। कहा कि पहले भी इसे लेकर निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि, गोबर पेंट का उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा। रायपुर के नजदीक हीरापुर जरवाय के गौठान में महिला स्व-सहायता समूह की ओर से गोबर से पेंट तैयार किया जा रहा है।

फिलहाल समूह में 22 महिलाएं काम करती हैं। नया करने के लिए उन्होंने गोबर से पेंट बनाने का काम शुरू किया था। इसके लिए उन्होंने प्रशिक्षण भी लिया। पेंट बनाने की शुरुआत अप्रैल 2022 से हुई और अब तक तीन हजार लीटर पेंट बनाकर समूह की महिलाएं बेच चुकी हैं। गोबर से निर्मित पेंट आधा लीटर, एक, चार, और 10 लीटर के डिब्बों में उपलब्ध है।

सरकार कर रही गोबर-गौमूत्र की खरीदी

गोधन न्याय योजना के तहत सरकार गौठानों में दो रुपये किलो में गोबर की खरीदी कर रही है। इससे वर्मी कंपोस्ट, सुपर कंपोस्ट और अन्य उत्पाद बनाए जा रहे हैं। गोबर से विद्युत उत्पादन और प्राकृतिक पेंट निर्माण की शुरुआत भी की गई है। योजना के तहत पिछले दो सालों में 380 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान गोबर विक्रेताओं को किया गया है। गोबर खरीदी और उससे तैयार किए जा रहे उत्पादों की बिक्री से ग्रामीणों की आय बढ़ी है। गोबर पेंट का उपयोग से ग्रामीणों को और फायदा मिलेगा।

गौमूत्र से बना रहे ब्रह्मास्त्र और जीवामृत

राज्य सरकार ने गोधन न्याय योजना के तहत इस साल से गौ मूत्र की भी खरीदी शुरू की है। अब तक प्रदेश के 96 गौठानों से 1 लाख 5000 लीटर गौ मूत्र 4 लाख 20 हजार रुपये में खरीदा जा चुका है।

खरीदे गए गौ मूत्र से महिला स्व-सहायता समूहों ने 36 हजार 913 लीटर कीट नियंत्रक 'ब्रम्हास्त्र' और 19 हजार 765 लीटर वृद्धि वर्धक 'जीवामृत' जैसे जैविक उत्पाद तैयार किए हैं। 13 लाख 64 हजार 771 रुपये का 'ब्रम्हास्त्र' और 5 लाख 98 हजार 464 रुपये का 'जीवामृत' अब तक बेचा जा चुका है।

कुम्हारी हादसे में अनाथ बच्ची को गोद लेगी प्रदेश सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले सप्ताह हुए कुम्हारी फ्लाइओवर हादसे में अपने माता-पिता को खो चुकी बच्ची को राज्य सरकार गोद लेगी। मंगलवार को खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लिखा, हादसे में अनाथ हुई बच्ची हम सबकी जिम्मेदारी है। हमने इस बच्ची को गोद लेने का निर्णय लिया है। बच्ची की समस्त जिम्मेदारी अब सरकार की है। दरअसल 9-10 दिसंबर की रात 12 बजे के करीब कुम्हारी में एक निर्माणाधीन फ्लाइओवर से एक बाइक नीचे गिर गई थी। इस हादसे में रायपुर के चंगोराभाठा निवासी आजू राम देवांगन और उनकी पत्नी निर्मला देवांगन की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार 13 साल की उनकी बेटी अन्नू देवांगन घायल हो गई थी। हादसे की जांच में पता चला कि निर्माण एजेंसी ने फ्लाइओवर के एंट्री पर ऐसा कोई अवरोध या साइन नहीं लगाया था, जिससे पता चले कि वह अधूरा है।

सीएम बोले -बच्ची की सारी जिम्मेदारी अब सरकार की

मजदूर पर 14 करोड़ का इनकम टैक्स बकाया, नोटिस मिलते ही उड़े होश

रोहतास। मजदूरी करके पेट पालने वाले एक मजदूर पर करोड़ों रुपये का आयकर बकाया है. चौंकिए मत. ऐसा मामला बिहार के रोहतास में सामने आया है. आयकर विभाग ने रोहतास के करगहर गांव के निवासी मनोज यादव को नोटिस भेजा है. एक कंपनी में मजदूरी करके 12 हजार रुपये कमाने वाले मनोज यादव का 14 करोड़ रुपये का आयकर बकाया है. मजदूर मनोज के घर जब आयकर विभाग की टीम पहुंची तो मनोज और उसके परिवार के लोगों के साथ-साथ आसपास के लोगों का भी होश उड़ गया. आयकर विभाग के नोटिस के मिलने पर गरीब मजदूर मनोज के हाथ-पांव फूल गए. उसने स?थानीय लोगों से इसकी चर्चा की, लेकिन कोई भी समस?या का समाधान नहीं दे सका. गरीब मजदूर मनोज ने आयकर विभाग के लोगों से अपने पूरी आपबीती बताई. आखिरकार आयकर विभाग से आए हुए अधिकारियों को यह विश्वास हुआ कि यह मजदूर है और इतनी बड़ी राशि का टर्नओवर यह किसी भी कीमत पर नहीं कर सकता है. इसके बाद अधिकारियों ने अपनी पड़ताल शुरू हो गई है. मनोज ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वह दिल्ली और अन्य राज्यों में जाकर मजदूरी का कार्य करता है और अपने परिवार का भरण पोषण करता है, इसी दौरान बैंक खाता खुलवाने के लिए उसने अपने पैन कार्ड और आधार कार्ड दिए होंगे, इसी दौरान साइबर अपराधियों के द्वारा फर्जी खाता खोलकर इस तरह का फ्रॉड किया गया है. इस मामले में आयकर विभाग के अधिकारियों की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है.

महाठग सुकेश चंद्रशेखर का केजरीवाल सरकार पर बड़ा आरोप

■ कहा- मैंने 'आप' को दिए 60 करोड़ रुपए

नई दिल्ली(ए.)। 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को सुकेश चंद्रशेखर को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। जहां उसने आम आदमी पार्टी को 60 करोड़ रुपए देने का दावा किया। इस दौरान कोर्ट में अभिनेत्री जैक्लीन फर्नांडीज भी मौजूद थी।सुकेश चंद्रशेखर के वकील अनंत मलिक के मुताबिक, आज सुकेश चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि उन्होंने आम आदमी पार्टी को 60 करोड़ रुपये दिए। एक उच्चस्तरीय समिति ने उनका बयान लिया और समिति ने अपनी सिफारिशें दी और कहा कि आरोप गंभीर हैं और जांच की जानी चाहिए। अदालत ने ईडी को 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुकेश की पत्नी लीना मारिया पॉल से जुड़ी 26 कारों को अपने कब्जे में लेने की अनुमति दी है। ■ शेष पृष्ठ 6

गरमा-गरम

सांसद हरसिमरत बोली:सड़कों पर डॉट ड्रिंक एंड ड्राइव की चेतावनी, यहां तो सरकार चल रही

नोकझोंक... संसद में भिड़े खरगे-गोयल, झल्लाकर सीट से उठे सभापति- 'क्या हम बच्चे हैं, जनता हंस रही'

बीजेपी ने कहा- माफी मांगें तो खड़गे ने पूछा- आजादी में क्या था योगदान

नई दिल्ली(ए.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने संसद में जमकर हंगामा किया। सत्तारुढ़ भाजपा के नेताओं की ओर से खरगे से उनके बयान के लिए माफी मांगने की मांग की गई तो सांसदों के हंगामा को देखते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हम बहुत गलत उदाहरण पेश कर रहे हैं। हम कोई बच्चे नहीं जो लड़ रहे हैं। 135 करोड़ की जनता हम पर हंस रही है, जबकि खरगे ने आज फिर कहा, मैं अभी भी कह सकता हूं कि स्वतंत्रता संग्राम में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। खरगे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि खरगे को देश से माफी मांगनी चाहिए, उनके पास माफी के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि खरगे को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए। उन्हें इतिहास का ज्ञान भी नहीं है। उन्हें अपनी इतनी लंबी राजनीतिक यात्रा पर अफसोस होना चाहिए। आजादी के बाद देश की एकता के लिए पहली शहादत श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हुई थी।

संसद में खरगे के बयान पर हंगामा

कांग्रेस अध्यक्ष ने चीन के साथ सीमा संघर्ष पर संसद में चर्चा की अनुमति नहीं देने के लिए भी सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि वे (बीजेपी सरकार) बाहर शेर की तरह बात करते हैं, लेकिन यदि आप देखते हैं तो वे एक चूहे की तरह काम करते हैं. मंगलवार को जैसे ही राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो बीजेपी सांसदों ने खरगे के बयान पर माफी की मांग की.

खरगे ने बीजेपी पर फिर साधा निशाना

मल्लिकार्जुन खरगे ने बीजेपी की ओर से माफी की मांग पर तंज कसा और कहा कि मैंने जो कहा वह राजनीतिक रूप से सदन के बाहर था भीतर नहीं. उस पर यहां चर्चा करने की जरूरत नहीं है. मैं अभी भी कह सकता हूं कि स्वतंत्रता संग्राम में उनकी कोई भूमिका नहीं थी. वे 'माफी मांगे वाले लोग' हैं. आपने क्या भूमिका निभाई? अगर मैं वही दोहराऊंगा जो मैंने बाहर कहा था तो उनके लिए मुश्किल हो जाएगी. मैंने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने अपना बलिदान दिया. आप में से किसने इस देश की एकता के लिए अपनी जान दी.

बीजेपी ने की माफी की मांग

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि कल अलवर में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अभद्र भाषण दिया था. जिस भाषा का प्रयोग किया गया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने जिस तरह से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, निराधार बातें कही और देश के सामने झूठ पेश करने की कोशिश की, मैं उसकी निंदा करता हूं. मैं उनसे माफी की मांग करता हूं. गोयल ने कहा कि उन्हें बीजेपी, संसद और इस देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए जिन्होंने पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बनाई. उन्होंने हमें उनकी मानसिकता और ईर्ष्या की झलक दी. इस पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि टिप्पणी संसद के बाहर की गई थी. देश के 135 करोड़ लोग हमें देख रहे हैं. हो सकता है कि कोई बहक गया हो और बाहर कुछ कह गया हो, आप बच्चे नहीं हो.

संपादकीय

हंगामों की भेंट चढ़ता सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चल रही गर्मा गर्मी के कारण हंगामों की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। अरूणाचल प्रदेश के तवांग में भारतीय और चीनी सेना के बीच हुई झड़प को लेकर विपक्ष ने संसद में हंगामा खड़ा कर दिया है। हालांकि इस मामले पर केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा और राज्यसभा में अपना बयान दे दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया है। चीन भारत की एक इंच भूमि पर भी कब्जा नहीं कर सकता है किन्तु विपक्ष को केन्द्रीय रक्षामंत्री के बयान पर भरोसा नहीं है वह लगातार इस मामले को लेकर सरकार पर आरोप लगा रहा है कि सरकार चीन के मामले में सच्चाई छिपा रही है और विपक्ष को विश्वास में लेने से कतरा रही है। विपक्ष लगातार लोकसभा और राज्यसभा में चीन मामले को लेकर नारेबाजी कर रहा है और सदन से वॉकआउट कर रहा है। जिसके चलते सदन की कार्यवाही बाधित हो रही है। विपक्ष ने अब चीन के मामले में प्रधानमंत्री के बयान की मांग उठानी शुरू कर दी है जबकि सत्तापक्ष का कहना है कि जब इस मामले में केन्द्रीय रक्षामंत्री ने बयान दे दिया है तो अब प्रधानमंत्री के बयान की कोई जरूरत नहीं है। यहीं पेंच फंस गया है और विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेर रहा है। सत्तापक्ष भी अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। नतीजतन संसद का कीमती वक्त इस नूरा कुश्ती में व्यर्थ जाया हो रहा है। अब विपक्ष के हंगामें के जवाब में सत्तापक्ष ने भी हंगामा करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक बयान को लेकर राज्यसभा में सत्तापक्ष ने उनसे माफी की मांग करते हुए हंगामा किया। कुल मिलाकर सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संसद के दोनों सदनों में रस्साकसी चल रही है। इस गतिरोध को तोड़ना जरूरी है। सरकार को इसके लिए कोई बीच का रास्ता निकालना चाहिए। बेहतर होगा कि सरकार चीन के मसले को लेकर एक सर्वदलीय बैठक आहूत करे और उसने वस्तुस्थिति से विपक्ष को अवगत कराए ताकि संसद को हंगामों की भेंट चढ़ने से रोका जा सके और संसद का शीतकालीन सत्र सुचारू रूप से चल सके। सदन की कार्यवाही के दौरान झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले दिनों कई सम्मानित लोगों का निधन हो गया है. इनमें सबा अहमद, देवीधन बेसरा, रजनीश आनंद, अरुण कुमार, अमिताभ चौधरी, पूर्व मंत्री समरेश सिंह, जस्टिन केरकेट्टा, पंडित गोपाल प्रसाद, डॉ जेजे इरानी, मैनेजर पांडेय समेत अन्य शामिल हैं. शोक प्रस्ताव के दौरान झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने शोक प्रकट किया. विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि शोक प्रकाश के दौरान आज सत्र में नया अध्याय जुड़ रहा है. श्रद्धा मर्डर केस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नये कानून की जरूरत है. ऐसे आरोपियों को फांसी की सजा हो. शोक प्रकाश के दौरान विधायक लंबोदर महतो ने भी शोक प्रकट किया।

फुटबॉल की सुंदरता पर मजहबी जहर की कालिमा

नीरज मनजीत

मैच से पहले फुटबॉल समीक्षक और विशेषज्ञ इस मुकाबले में फ्रांस का वज़न अर्जेंटीना से एक माशा ज़्यादा तौल रहे थे। साथ ही यह भी कहा जा रहा था कि जो टीम आँखें खुली रखकर खेलेगी, वह जीतेगी। जब दो बराबरी की टीमें भिड़ती हैं, तो मुकाबले के ऊँट की करवट का अंदाज़ा लगाना तक़रीबन असंभव होता है। मगर अचंभे की बात थी कि मैच के 80 वें मिनट तक फ्रांस की टीम कहीं दिखाई ही नहीं पड़ रही थी। पहले हॉफ में तो फ्रांस के लिए हालात इस क़दर बुरे थे कि अर्जेंटीना के गोल की ओर कदम बढ़ाना मुहाल हो गया था। उधर अर्जेंटीना की अग्रिम पंक्ति हमले पर हमला किए जा रही थी। लगा कि नौजवान तेज-रफ़्तार एमबापे का जादू चल नहीं पाएगा। फ्रांस के चाहनेवाले ख़ामोश थे। उधर अर्जेंटीनी दर्शक जोश और खुशी से पागल हुए जा रहे थे।

यह एक आश्चर्यजनक, अद्भुत और दिलोदिमाग को हिला देने वाला फाइनल मैच था--फीफा विश्वकप के इतिहास का सर्वाधिक रोमांचक फाइनल मैच। दुनियाभर के फुटबॉल-चहेते अगले सौ वर्षों तक इस मुकाबले की बातें करते रहेंगे। यह मैच दो अलग अलग फुटबॉल संस्कृतियों और शैलियों के बीच का अब तक का सबसे बड़ा और साँसें रोक देने वाला मुकाबला था लैटिन अमेरिकी और यूरोपीय फुटबॉल शैलियों और संस्कृतियों का। यह मैच दो महान खिलाड़ियों के बीच का हैरतअंगेज मुकाबला था अर्जेंटीना के 35 वर्षीय लियोनिल मेसी और फ्रांस के 24 वर्षीय किलियन एमबापे के बीच का। जिन्होंने इस मैच में अपनी सर्वोत्तम खेल-कला को मैदान में चित्रित करके करोड़ों दर्शकों को आह्लादित कर दिया। यह मैच अर्जेंटीना और फ्रांस के खिलाड़ियों के लिए जीवन मृत्यु का सवाल बन गया था। अर्जेंटीनी खिलाड़ी यह मुकाबला जीतकर लियोनिल मेसी को ऐतिहासिक विदाई देना चाहते थे, जिन्होंने ऐलान कर दिया था कि यह उनका आख़िरी विश्वकप मैच होगा। इधर एमबापे सहित बाकी फ्रांसीसी खिलाड़ी यह मुकाबला जीतकर ब्राजील और इटली के समकक्ष खड़े होना चाहते थे, जिन्होंने लगातार दो विश्वकप टाइटल जीते हैं।

मैच से पहले फुटबॉल समीक्षक और विशेषज्ञ इस मुकाबले में फ्रांस का वज़न अर्जेंटीना से एक माशा ज़्यादा तौल रहे थे। साथ ही यह भी कहा जा रहा था कि जो टीम आँखें खुली रखकर खेलेगी, वह जीतेगी। जब दो बराबरी की टीमें भिड़ती हैं, तो मुकाबले के ऊँट की करवट का अंदाज़ा लगाना तक़रीबन असंभव होता है। मगर अचंभे की बात थी कि मैच के 80 वें मिनट तक फ्रांस की टीम कहीं दिखाई ही नहीं पड़ रही थी। पहले हॉफमें तो फ्रांस के लिए हालात इस क़दर बुरे थे कि अर्जेंटीना के गोल की ओर क़दम बढ़ाना मुहाल हो गया था। उधर अर्जेंटीना की अग्रिम पंक्ति हमले पर हमला किए जा रही थी। लगा कि नौजवान तेज-रफ़्तार एमबापे का जादू चल नहीं पाएगा। फ्रांस के चाहनेवाले ख़ामोश थे। उधर अर्जेंटीनी दर्शक जोश और खुशी से पागल हुए जा रहे थे।

दूसरे हॉफ में भी 80 वें मिनट तक बात नहीं बन पा रही थी। फ्रांस की ऊपरी पंक्ति ने एक दो मूव बनाए पर मैच एकतरफा नज़र आ रहा था। तब आख़िरी के 10-12 मिनट बचे थे। अकस्मात ही ऐसा लगा कि अर्जेंटीनी खिलाड़ी कुछ ढीले पड़ गए हैं। संभवतः वे सोच रहे थे कि उनकी लीड के आगे पस्त हौसला फ्रांसीसी टीम अब क्या काउंटर अटैक कर पाएगी। या फिर फ्रांसीसी टीम ने आख़िरी मिनटों में अपनी पूरी ताक़त से भी ज्यादा शक्ति लगाने का इरादा कर लिया था। एकाएक ऐसा कुछ हुआ मानों मैदान में फ्रांस का तूफ़ान चलने लगा और अर्जेंटीनी गोल पर हमले दर हमले होने लगे। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता कला और रफ़्तार के जादूगर एमबापे ने दो गोल दागकर फ्रांस को बराबरी में ला खड़ा किया। उसके बाद जिस फुटबॉल कला और रफ्तार को हमने देखा, वह किसी करिश्मे से कम नहीं थी। बाकी के 40-45 मिनटों में इन दोनों महारथी टीमों ने दुनियाभर के 100 करोड़ दर्शकों के दिलोदिमाग को जैसे मथकर रख दिया था।

फुटबॉल के जिस सौंदर्य को हमने कतर में देखा, वह शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। साथ ही हमने इस सुंदरता में मजहबी जहर की कालिमा भी देखी। विश्वकप शुरू होने से पहले मीडिया में आई कुछ ख़बरों में कहा गया कि नफरती तकरीर के लिए मशहूर भगोड़े जाकिर नाइक को कतर बुलाया गया है। जाकिर नाइक मजहबी जहर से बुझे अपने बयानों और उग्रवादी कट्टरपंथी सोच के लिए दुनियाभर में बदनाम है। ओपनिंग सेरेमनी में उसे देखा भी गया। बाद में जब भारत सरकार ने इन खबरों का हवाला देते हुए विरोध जताया, तो कतर सरकार ने बाकायदा सफाई देते हुए कहा कि ज़ाकिर को किसी भी तरह का कोई आधिकारिक न्यौता नहीं दिया गया है और वह अपनी निजी यात्रा पर दोहा आया है। क़तर के प्रशासन ने यह भी कहा कि भारत और क़तर के रिश्तों में खटास डालने के लिए किसी ने जानबूझकर शरारत की है। माना जा सकता है कि कतर ने जाकिर को नहीं बुलाया होगा, मगर शुभारंभ के मौके पर उसकी मौजूदगी से वैश्विक खेल बिरादरी में कहीं न कहीं यह मैसेज गया कि इस खेल मंच से एक खास मजहब के कट्टरपंथी विचारों को बढ़ावा देने की कोशिश की गई।

सच कहा जाए तो मजहबी नफरत से खेलों का इलाका ही बचा हुआ है, मगर अब धीरे धीरे विश्व स्तर पर नफरत की दूकान चलानेवाले विभाजनकारी तत्व सामाजिक तानेबाने को तोड़ने के लिए खेलों का इस्तेमाल करने से भी नहीं चूक रहे हैं। मोरक्को ने जब पुर्तगाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई तो ऐसे ही लोगों ने इसे एक खास मजहब की जीत बताकर ज़हर घोलने की कोशिश की। पाकिस्तान इस खेल में सबसे आगे था। और जब सेमीफाइनल में फ्रांस को हरा दिया, तो मोरक्को के समर्थक हिंसा करने और भड़काने पर उतारू हो गए। पेरिस और ब्रुसेल्स बेल्जियम की सड़कों पर हमने यह भी देखा कि मजहबी अंधत्व के शिकार इन उपद्रवियों को काबू करने में पुलिस भी मुश्किल में नजर आ रही थी। यह एक अत्यंत ख़तरनाक ट्रेंड है। खेलों में हार जीत लगी रहती है। दुनिया की सबसे अच्छी टीम भी कभी हार सकती है। इसका यह मतलब नहीं कि लोग हिंसक हो जाएँ। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई पहले भी खेलों के माहौल में विष घोलने का काम कर चुकी है। पिछले साल दुबई में विश्वकप क्रिकेट के दौरान भारत पर पाकिस्तान की जीत को पाकिस्तान के एक मंत्री ने खास मजहब की जीत बताकर ज़हर फैलाने की कोशिश की थी। खेलों में मजहबी विष डालनेवाले विभाजनकारी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही वैश्विक खेल संगठनों को भी इन पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे।

कविता

बच्चों के लिए माता पिता पहिली शिक्षक

एक बच्चे का,बच्चों के लिए,उनका अपना माता-पिता ही पहिली शिक्षक हैं। जिनके सानिध्य में रहकर वह बच्चा पहिली बार चलना, घूमना, बोलना,पहचनना सीखता है।यह पल उस बच्चे के लिए एक सुखद होता है।जिसको उस बच्चे का माता-पिता अनुभव प्राप्त कर सकता है। अब प्रश्न यह उठता है की उस बच्चे की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए उसके माता-पिता क्या कर सकते हैं ? तो इसका उत्तर हमें शायद इस प्रकार मिल सकता है। हर बच्चे का माता-पिता यही कहेगा की हम अपने बच्चों को के.जी.वन.के साथ शाला में भर्ती कर देंगे। और उसकी शिक्षा शुरु हो जाएगी।क्या इस प्रकार से बच्चों को शला में भर्ती कर देना पर्याप्त है?क्या इस प्रकार से भर्ती करके हमने अपने जिम्मेदारियों को पुरा कर दिया? इस पर हमें चिंतन-मनन करने की आवश्यकता है। एक पालक के रूप में ,एक बच्चे के लिए माता-पिता की जवाबदारियां बढ़ जाती है। और यह जवाबदारियां यह होती है की उस बच्चे के लिए एक उचित और स्वस्थ्य माहौल अपने घर में कैसे निर्मित किया जाए ? बात है स्वस्थ्य माहौल की,वातावरण की।तो इसे एक माता-पिता अच्छी तरह समझ सकता है।यह वतावरण ऐसा हो की वह बच्चों के लिए अनुकूल हो।जिस वातावरण पर बच्चा सहज और सुकून महसूस कर सके।बच्चों के बचपना का ध्यान में रखते हुए उनके लिए उचित मनोरंजन के साधन,जिसमें शारीरिक विकास के लिए खेलकूद और मानसिक विकास के लिए तार्किक पजल के लिए सहायक शिक्षण व्यवस्था होनी चाहिए।ताकि वह बच्चा शारीरिक और मानसिक विकास कर सके।

अब बात आती है शाला में प्राप्त शिक्षा।जो बच्चों के लिए कितनी सार्थक है। और वह बच्चा उस शाला में प्रदान की गई शिक्षा को कितना ग्रहण कर पा रहा है ? उस शिक्षा में बच्चा कितना रुचि ले पा रहा है ?इस बात का ध्यान समय-समय पर पालकों को जायजा लेते रहना चाहिए।

और बच्चा यदि रुचि ले रहा है तो यह अच्छी बात है।और इसके लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए प्रति दिवस उनके गृहकार्य,उसके क्लास वर्क,शाला में क्या- क्या गतिविधियां हुई इन सभी के बारे में पालकों को संज्ञान मे लेते रहना चाहिए।

और इसके लिए पालकों को अपने बच्चों को जितना हो सके पर्याप्त समय देना चाहिए। उनके साथ खेलें-कुदें,उनकों नैतिक शिक्षा,धार्मिक शिक्षा,की छोटी-छोटी बाल-कहानियां सुनाते रहना चाहिए।उनको शैक्षणिक भ्रमण कराते रहना चाहिए।

इस प्रकार से यह कहा जा सकता है की एक बच्चे के लिए माता-पिता की भूमिका अहम हो सकती की।जो बच्चों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो सकती है।

राहुल की यात्रा से राजस्थान में मजबूत हुई कांग्रेस

रमेश सर्राफ

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश के सबसे बड़े नेता और सरकार के मुखिया हैं। उनकी जिम्मेवारी बनती है कि वह सचिन पायलट या अन्य किसी नेता के खिलाफ गैर जरूरी बयानबाजी नहीं करें और सबको साथ लेकर चले। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान आमजन से जो वादे किए थे उनको भी हर हाल में पूरा करे। किसानों की कर्ज माफी, युवाओं को रोजगार, संविदा कर्मियों को नियमितीकरण, नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने जैसे कार्य अभी पूरे नहीं हुए हैं। प्रदेश के लोगों को मात्र 50 युनिट तक ही फ्री बिजली दी जा रही है। जबकि कांग्रेस अन्य प्रदेशों में चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र में 300 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने का वादा करती है। ऐसे में राजस्थान के लोगों को भी 300 यूनिट तक प्रतिमाह मुफ्त बिजली देनी चाहिए। स्नातक तक पढ़े लिखे सभी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा इन दिनों राजस्थान से गुजर रही है। राहुल गांधी की इस पदयात्रा से राजस्थान में कई गुटों में बंटी कांग्रेस जहां एकजुट हुई है। वही संगठन की दृष्टि से भी मजबूत हुई है। एक तरह से कहा जाए तो राजस्थान कांग्रेस के लिए यह पदयात्रा संजीवनी साबित हो रही है। राजस्थान विधानसभा के अगले चुनाव में एक वर्ष से भी कम का समय रह गया है। प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफसत्ता विरोधी माहौल बना हुआ था। जिसे राहुल गांधी की पदयात्रा ने काफी हद तक कम करने का काम किया है। अब लगने लगा है कि अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनावी मुकाबले में कांग्रेस से कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा।

चार दिसंबर को राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा ने राजस्थान के झालावाड़ जिले में प्रवेश किया था। झालावाड़ जिला पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का गढ़ रहा है। वहां से राजे व उनका पुत्र दुष्यंत सिंह लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। झालावाड़ से अभी वसुंधरा के पुत्र दुष्यंत सिंह सांसद है। जिले की चारों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लंबे समय से कांग्रेस झालावाड़ जिले में प्रभाव जमाने में नाकामयाब रही है। लेकिन राहुल गांधी की पदयात्रा को वसुंधरा राजे के प्रभाव वाले इलाके में जो जनसमर्थन मिला। उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले विधानसभा चुनाव में यहां कांग्रेस पहले से अधिक मजबूत होकर उभरेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के रूट को कुछ इस ढंग से बनाया गया था। जिससे भाजपा के बड़े नेताओं के प्रभाव वाले क्षेत्रों से होकर पदयात्रा गुजरे ताकि वहां कांग्रेस की जमीन मजबूत हो सके।

राजस्थान में राहुल गांधी की पदयात्रा झालावाड़, कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, टोंक, दौसा, अलवर जिलों से होकर गुजर रही है। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जहां सीधे आम लोगों से संवाद स्थापित किया। वहीं कई मौकों पर निर्धारित कार्यक्रम से अलग हटकर लोगों से मिलते नजर आए। राहुल गांधी की पदयात्रा के दौरान हजारों की संख्या में लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल होते रहे हैं। राहुल गांधी की पदयात्रा में सबसे अधिक क्रेज युवा वर्ग में देखने को मिला। पूरे रास्ते युवक राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होते रहे। राहुल गांधी ने भी युवाओं के साथ बातचीत करने व सेल्फी लेने में जरा भी कंजूसी नहीं बरती। वह हर जगह लोगों से खुलकर मिलते रहे। कई स्थानों पर तो वह लोगों के साथ बैठकर नुक्कड़ की दुकानों पर चाय पीते नजर आए तो कहीं खेतों में महिलाओं संग चारा काटने लगे। इस पदयात्रा से आमजन में कांग्रेस के प्रति एक सकारात्मक माहौल बना है। जिसका लाभ निश्चय ही आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा।

राहुल गांधी की राजस्थान यात्रा के चलते कांग्रेस में चल रहे आपसी झगड़ों पर भी विराम लगा है। 25 सितंबर की घटना के बाद राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के गुट के नेता एक दूसरे के खिलाफ खुलकर बयान बाजी कर रहे थे। जिससे कांग्रेस की छवि लगातार खराब हो रही थी। मगर राहुल गांधी की पदयात्रा के कारण दोनों ही गुटों के नेता पूरी ताकत के साथ पदयात्रा को सफल बनाने में जुट गए। जिसके चलते जहां आपसी बयानबाजी पर तो रोक लगी ही साथ ही पार्टी में गुटबाजी भी कम हुई है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई दिनों तक राजस्थान में रहने के कारण राहुल गांधी ने राजस्थान के अधिकांश नेताओं से व्यक्तिगत बातचीत कर फीडबैक लिया है। जिससे उनको राजस्थान की वास्तविक स्थिति का भी ज्ञान हो गया है। राजस्थान कांग्रेस को एकजुट करने का जो काम कांग्रेस आलाकमान नहीं कर पा रहा था। वह काम राहुल गांधी की पदयात्रा से अपने आप ही होता नजर आ रहा है। अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस के सभी नेताओं को संदेश दिया है कि एकजुट होकर अगले विधानसभा चुनाव में उतरे और फिर से सरकार बनाएं।

भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राहुल गांधी ने जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि राजस्थान में चिरंजीवी योजना की लोग तारीफकर रहे है। इसके अलावा शहरी मनरेगा जो शुरु किया है। उसके बारे में भी लोग अच्छी बातें कर रहे है। हालांकि लोग कहते है कि यहां बिजली नहीं आ रही है या फ्लोराइड के पानी की शिकायतें आती है। लेकिन ऐसी छोटी मोटी शिकायतें तो हर जगह से आती रहती है। ओवरऑल देखा जाए तो राजस्थान सरकार के बारे में लोगों का बहुत अच्छा रिस्पॉन्स है। राहुल गांधी ने सचिन पायलट और अशोक गहलोत गुटों के बीच चल रही बयानबाजी को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी के अंदर लोकतंत्र है। इसलिए अगर कोई अपनी बात रखना चाहता है तो कांग्रेस पार्टी में उसे दबाया नहीं जाता है। सभी लोग मिलकर काम करते है। कोई भी नेता ऐसा बयान न दे जिससे पार्टी को नुकसान हो। उन्होंने ने कहा कि अगर कार्यकर्ता ने अच्छा काम किया तो जरूर फिर सरकार बनेगी। हिमाचल के परिणाम सामने है। कांग्रेस को अंडर एस्टीमेट ना करें। उन्होंने कहा कि पार्टी का आम कार्यकर्ता जो सड़क पर लड़ता है उसको हमें प्राथमिकता देनी है।

राजस्थान में अपनी पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पार्टी को एकजुट करने का बड़ा काम कर दिया है। उसके बाद अब राजस्थान के नेताओं को भी एकजुट होकर जनता के बीच जाना चाहिए और लोगों को पार्टी में ऑल इज वेल का संदेश देना चाहिए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चले जाना ही जाना

चले जाना ही जाना नही होता छोड़ जाते है अनगिनत यादें। कुछ यादें ऐसी होती है जैसे करती हो हमसे बातें मुझसें ही बोलता है "धत पगली" मैं तो यही हूँ।अच्छा लगता है ये यादें मन को सुकून देता है।जाने की जिद्द और ना आने की जिद्द तुम्हारी खुद की बनाई हुई है मैं वही हूँ वही हूँ जिस मोड़ पर तुम छोड़ गये थे। अच्छा लगता है यादों को सँजोगना।

– प्रीती श्रीवास्तव

सतकर्म की कसौटी

सतकर्म की कसौटी पर खुद को आजमाना होगा , अंधेरों के खिलाफ़ खुद अपना सुरज उगाना होगा ! कुछ पाने के लिए कुछ खोना नहीं कुछ करना होगा, राह कठिन है मग़र कदम तो आगे बढ़ाना होगा !!

– राज चुन्नी शर्मा

ख़ास पाती

जहाँ पर बुलबुलें सय्याद के

जहाँ पर बुलबुलें सय्याद के कांधे पे गाती हों चमन ऐसा ज़माने में सदा आबाद रहता है। कलम की हो इबादत औ तरन्नुम इश्क़ हो जिसका वही शाइर वही नग़्मा यहाँ नौशाद रहता है। सुनो बुलबुल चमन की तुम जरा रहना हिजाबों में बिछाए जाल नजरों का यहाँ सैय्याद रहता है। निभाया नेक नीयत से हक-ए-इंसानियत जिसने वही किरदार दुनियां को हमेशा याद रहता है। रही ख्वाहिश तनुज की ये चमन-ए-जीस्त गुल सी हो रुहानी इक महक अहसास उसके बाद रहता है। **– सतिश मैथिल तनुज**

रास्तों को जुदा ही होना था

रास्तों को जुदा ही होना था दोस्तों को खफा ही होना था मैं मरासिम निभा के नादिम हुँ उसको मुझसे जुदा ही होना था मुझको दुनिया से डर नहीं लगता ख़ल्क़ को क्यों सज़ा ही होना था वो मुझे कह रहे हैं मर्ज़ मगर मुझको जबकि दवा ही होना था दास्तां कुछ सुनानी थी गोया हमको तो बस फ़ना ही होना था बद-दुआ देता है हमें जो भी उसकी हमको दुआ ही होना था उड़ गई 'सोनी' भी धुआं बनकर मुझको जलती हवा ही होना था। **– सोनिया राय**

गर वंदगी खुदा की इबादत

गर वंदगी खुदा की इबादत में चाहिए। पाकीज़गी इंसान की नीयत में चाहिए। हासिल हुआ न कुछ ये कहना फिजूल है, बेचारगी न अब किसी सूरत में चाहिए। दामन न छोड़ आस का उम्मीद रख भला, बस हौसला जवां हर कीमत में चाहिए। तक़दीर में लिखा यह कहकर किया सबर, कोशिश भी साथ साथ हर सूरत में चाहिए। किस्मत रही ख़राब करे भी तो क्या करे, लहज़ा शको शुभा न शिकायत में चाहिए। **– दीपा गुप्ता**

मैं समंदर था मुझे चैन से रहने

मैं समंदर था मुझे चैन से रहने न दिया दर्द सैलाब बनता रहा जुबां से कहने न दिया, किया जब कोशिश कुछ कहने की पूनम उसने सत्य को ही सच रहने न दिया।

– पूनम झा प्रथमा

जैसे तेरे पास न आने के सौ

जैसे तेरे पास न आने के सौ बहाने वैसे कभी एक बहाना बनाकर अमुसाफिर बन कर थक जाओगे तय कर ऐसा सफर न जाने के लिए आ।

– रीता पाण्डेय

प्रियतम प्रिया बचन अनुरागा प्रणय डोर अनुभूति तड़ागा

प्रियतम प्रिया बचन अनुरागा प्रणय डोर अनुभूति तड़ागा किंशुक पुष्प ललित परिधाना द्वरस श्रृंगार विधिक बहु नाना कवि कोविद कर विविध प्रशंसाद्य उमगित ह्रदय सरस मन हंसा मन उत्कर्ष हर्ष चहुओरा द्य चितवत चतुर चरित चित चोरा।

– राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढ़ी

जीत काकर खातिर अउ हार काकर खातिर रोज-रोज के

जीत काकर खातिर अउ हार काकर खातिर रोज-रोज के फोकटइहा रार काकर खातिर जेन आए हे इहाँ वो तो जाबेच करही संगी फेर अनफभिक तोर अहंकार काकर खातिर।

–कवि सुशील भोले

QUIZ TIME

1) कहाँ से अग्नि-3 मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया?
2) आसिम मुनीर किस देश के सेना प्रमुख नियुक्त किया गए?
3) चर्चा में रहा कडालेकाई परिशे उत्सव किस राज्य में संबंधित है?
4) विश्व का सबसे बड़ा पांडुलिपि पुस्तकालय किस राज्य में बनाया जा रहा है?
5) बिहार खादी का ब्रांड एम्बेसडर कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा (2) पाकिस्तान (3) कर्नाटक (4) गुजरात (5) मैथिली ठाकुर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 2012 - साउथ कोरिया के सिंगर साई का गाना 'गंगनम स्टाइल' यूट्यूब पर एक अरब बार देखे जाने वाला पहला वीडियो बना। 2009 - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मण्डी की वित्त समिति एवं अधिशाषी मंडल (बीओजी) की प्रथम बैठक आयोजित हुई। 2008- कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व बॉलीवुड स्टार शाहरुख ख़ान को अमेरिका पत्रिका न्यूज बीक ने दुनिया के 50 शक्तिशाली लोगों की सूची में शामिल किया। 2007 - सोशल एक्टिविस्ट, कवि हरिवंश राय बच्चन की पत्नी और अमिताभ बच्चन की मां तेजी बच्चन का निधन हुआ। 2007 - चीन के दक्षिणी यूनैन प्रान्त के कुनमिंग मिलिट्री एकेडमी में भारत व चीन के बीच पहला साझा अभ्यास शुरू। 2002 - ब्रिटेन ने धमकी के बाद बोगोटा का दूतावास बंद किया। 1998 - नेपाली प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला का इस्तीफ़ा। 1991 - कजाकिस्तान की राजधानी अल्मा अता में 11 सोवियत गणराज्यों द्वारा राष्ट्रमंडल का गठन। 1988 - स्कॉटलैंड की सीमा के नजदीक लॉकरबी शहर में एक पैन एम का जंबो जेट 258 यात्रियों के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 1975 - मेडागास्कर में संविधान लागू हुआ। 1974 - पनडुब्बी प्रशिक्षण देने वाले देश के पहले पोत आईएनएस सतवाहन को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में जहाजी बेडे में शामिल किया गया। 1971 - कर्ट वॉल्डहाइम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के चौथे महासचिव चुने गए। वॉल्डहाइम ने 1 जनवरी 1972 से काम शुरू किया। वॉल्डहाइम 1918 में 21 दिसंबर को ही पैदा हुए थे।

किसान हितैषी नीतियों से खेती अब हुआ लाभ का धंधा : बघेल

■ शहर में बस चुके किसान भी अब गांव की ओर लौटने लगे : मुख्यमंत्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज तहसील मुख्यालय बिल्हा में आयोजित गुरू घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने यहां गुरू घासीदास गुरुद्वारा गुरुगद्दी एवं जैतखाम पर मत्था टेक कर राज्य की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए बाबा का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सतनामी समाज के अनुरोध पर बोड़सरा धाम में सांस्कृतिक भवन के लिए 1 करोड़, बिल्हा घासीदास गुरुद्वारा एवं पथरखदान में सतनामी समाज के सामुदायिक भवन भवन के लिए 30-30 लाख रूपये प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री बघेल का सतनामी समाज के राजमहंतों एवं महंतों ने पारम्परिक पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। बघेल ने कहा कि बाबा के बताये सत्य के रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार हमारे पुरखों एवं महापुरूषों के खुशहाल छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बाबा घासीदास के संदेश आज के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है। बाबा ने उस समय के समाज में प्रचलित ऊंच-नीच, भेद-भाव, छूआछूत का प्रबल विरोध किया। मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया। बाबा जी की यही भावना को बाबा साहेब अम्बेडकर ने हमारे संविधान की प्रस्तावना में भी शामिल किया है। उन्होंने कहा कि आपसी मतभेद से नहीं बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज एवं देश का विकास होता है। बघेल ने राज्य सरकार की पिछली 4 साल की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि खेती पर लाभ का सौदा हो गया है। खेती छोड़ शहर में बस चुके किसान अब गांव की ओर लौटने लगे हैं। जमीन की कीमतें भी बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि विपरित परिस्थितियों के बावजूद हमारी सरकार ने अपने किये हुए वादे पूरे किये हैं। राज्य में आज की तारीख तक 57 लाख मीटरिक टन से ज्यादा धान की खरीदी की जा चुकी है। यह मात्रा चार साल पूर्व संपूर्ण सीजन में खरीदे गये धान की मात्रा से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने साल-दर-साल ज्यादा मात्रा और ज्यादा किसानों से धान खरीदी कर रही है। इस साल 1.10 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी व्यवस्था का हमने सरलीकरण एवं विकेन्द्रीकरण किया है। नये खरीदी केन्द्र खोलकर किसानों के नजदीक पहुंचे हैं। किसानों को अब ज्यादा दूर धान बेचने जाना नहीं पड़ता। धान की तौलाई, ढुलाई, भुगतान, मिलिंग सभी काम सुचारू रूप से चल रहे हैं। बघेल ने किसानों से एवं गौमाता की यह सबसे बड़ी सेवा होगी। मेरा आप सभी किसानों से अनुरोध कि मुझे पैसा नहीं बल्कि पैरा दान में दें। पैरादान से बाबा घासीदास जी का एक बड़े संदेश का पालन होगा। बाबा ने अपने संदेश में गोहत्या के खिलाफ आवाज उठाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एससी एवं ओबीसी केटेगरी के बच्चों के लिए भी संभागीय स्तर पर प्रयास स्कूल खोले जाएंगे। फिलहाल आदिवासी बच्चों के लिए इस तरह के स्कूल सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं। आईटीआई के उन्नयन के लिए भी 1200 करोड़ रूपये दिये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि अच्छी अधोसंरचना का विकास किया जा सके।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि विधानसभा द्वारा पारित नये विधेयक में अनुसूचित जाति वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुरूप 13 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। वर्ष 2011 की जनसंख्या में राज्य में 12.82 प्रतिशत अनुसूचित जातियों की जनसंख्या रिकार्ड की गई है।यदि 2021 की जनगणना हो जाय और आंकड़े आएंगे तो उनकी जितनी जनसंख्या होगी, उनके अनुरूप आरक्षण प्रतिशत में सुधार किया जायेगा। संविधान में एससी एवं एसटी वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

■ न्यूज गैलरी

दिव्यांगों के लिए गैर आवासीय विद्यालय के संचालन हेतु आवेदन 30 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिले के श्रवण बाधित एवं वाक बाधित दिव्यांगों के लिए गैर आवासीय विशेष विद्यालय स्थापित कर संचालन किया जाएगा। इस हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था, नगरीय निकाय, राज्य शासन द्वारा स्वायत्त शासी, अधीनस्थ निकाय के रूप में गठित संस्थाएं और संगठन, शासकीय मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान, दानार्थ अस्पताल, नर्सिंग होम, नेहरू युवा केन्द्र से 30 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग के कक्ष क्रमांक 140, 141 में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

कलेक्टर ने घोषित की जिले के लिए स्थानीय अवकाश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने आदेश जारी कर कैलेण्डर वर्ष 2023 हेतु सम्पूर्ण जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उन्होंने 19 सितम्बर 2023 दिन मंगलवार गणेश चतुर्थी, 23 अक्टूबर 2023 दिन सोमवार दशहरा (महा नवमी) और 13 नवंबर 2023 दिन सोमवार दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उक्त तिथियों में कोषालय और उपकोषालय यथावत खुले रहेंगे।

तकनीकी सेवा प्रदाता एजेंसियों के चयन हेतु 'रूचि की अभिव्यक्ति' 2 तक आमंत्रित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क 'रिपा' के अंतर्गत तकनीकी सेवा प्रदाता एजेंसियों के चयन हेतु 02 जनवरी तक कार्यालयीन समय में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला पंचायत के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

लालपुर थाना में जनसम्पर्क विभाग ने लगाई छायाचित्र विकास प्रदर्शनी

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य सरकार की गौरवशाली 04 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर के मार्गदर्शन में जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लोरमी विकासखण्ड के ग्राम लालपुरथाना में विकासखण्ड स्तरीय छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें सुराजी गांव योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना सहित विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और राज्य शासन योजनाओं की सराहना की। छायाचित्र विकास प्रदर्शनी में लोगों को जनमन पुस्तिका, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक, न्याय का नया अध्याय, सेवा जतन सरोकार, करूणा सेवा सुशासन से संबंधित पुस्तक, पाम्पलेट, ब्रोसर आदि का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे लखनलाल, शिवकुमार बांधी सहित अन्य लोगों ने शासन की योजनाओं से लाभ मिलने की जानकारी दी और मुख्यमंत्री के किसान हितैषी योजनाओं को खूब सराहा। लोगों ने कहा कि राज्य सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना आदि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और छत्तीसगढ़ राज्य विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है।

जनशिकायतों के समाधान 25 तक मनाया जा रहा है सुशासन सप्ताह 'प्रशासन गांव की ओर'

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह ''प्रशासन गांव की ओर'' मनाया जा रहा है। जिसके तहत जनशिकायतों के समाधान और बेहतर सेवा वितरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे ने बताया कि सुशासन सप्ताह ''प्रशासन गांव की ओर'' के तहत जनशिकायतों के समाधान और बेहतर सेवा वितरण के लिए जिला कलेक्टोरेट के जनदर्शन कक्ष में भी विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत आज 20 जनशिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। वहीं राजस्व कार्यालयों, जनपद पंचायतों सहित विभिन्न विभागों में संचालित सेवाओं के तहत आज लगभग 315 जनशिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया। कलेक्टर ने सुशासन सप्ताह ''प्रशासन गांव की ओर'' के आयोजन में जिले से संबंधित लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण उच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं।

नगर एवं ग्राम निवेश क्षेत्र में अवैध निर्माण के नियमितीकरण में लाएं तेजी : कलेक्टर

■ विधिवत अनुमति के बिना निर्मित भवनों के विरूद्ध शासन के नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में नगरीय निकाय एवं नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने नगरीय निकाय क्षेत्रों और ग्राम निवेश में अवैध निर्माण के प्रकरणों के नियमितीकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण के नियमितीकरण के अंतर्गत बिना अनुमति के निर्मित भवन का शासन द्वारा निर्धारित राशि के साथ नियमित किया जा रहा है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बिना विधिवत अनुमति के निर्मित भवनों के विरूद्ध शासन के नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अवैध निर्माण के नियमितीकरण हेतु लोगों के बीच इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। नगर तथा ग्राम निवेश सहायक संचालक बालकृष्ण चैहान ने बताया कि जिले के अंतर्गत मुंगेली तथा लोरमी निवेश क्षेत्र में अवैध निर्माण के 19 प्रकरण नियमित किए गए हैं। इसके पूर्व में भी विगत दिनों मुंगेली निवेश क्षेत्र में अवैध निर्माण के 09 प्रकरण नियमित किए गए थे। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में अवैध निर्माण के नियमितीकरण हेतु संबंधित नगरीय निकायों के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। वहीं ग्रामीण निवेश क्षेत्र के अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए नगर तथा ग्राम निवेश के कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे।

जिला स्तरीय निरीक्षण समिति ने नशामुक्ति केन्द्र व बालगृह का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देश पर आज जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल एवं समिति के सदस्यों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा संचालित बालगृह मुंगेली और एकीकृत पुनर्वास (नशामुक्ति) केन्द्र रामगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बालगृह में जिला स्तरीय समिति द्वारा संधारित रजिस्टर, भोजन व्यवस्था, साफ़सफ़ाई का अवलोकन किया गया। अपर कलेक्टर द्वारा बालकों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी को समय-समय पर बालगृह का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा द्वारा बालकों के स्वास्थ्य जांच हेतु शिशु रोग विशेषज्ञ को निर्देशित किया गया। वर्तमान में बालगृह में 11 बालक निवासरत हैं। इसी प्रकार जिला स्तरीय निरीक्षण समिति द्वारा नशे में लिप्त बालकों के संरक्षण के लिए 01 सितम्बर 2022 से संचालित एकीकृत पुनर्वास (नशामुक्ति) केन्द्र में भोजन एवं आवास संबंधी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया।

सरकारी स्कूल में 77 लाख रुपए की गड़बड़ी, प्रिंसिपल, क्लर्क और लेक्चरर के खिलाफ एफआईआर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले एक हायरसेकेंडरी स्कूल में एरियर राशि में 77 लाख रुपए की गड़बड़ी करने का मामला सामने आने के बाद लेक्चरर को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में दोषियों के खिलाफएफआईआर कराया है। दरअसल, स्कूल के तत्कालीन प्राचार्य ने बाबू के साथ मिलकर एक लेक्चरर को 11 महीने में 22 बार एरियर दे दिया। अब जांच के बाद पूरा मामला उजागर हुआ है। लाखों रुपए के एरियर घोटाले का यह मामला बेलतरा हायरसेकेंडरी स्कूल का है।

यहां पदस्थ प्राचार्य और क्लर्क ने ट्रेजरी के अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलीभगत कर एक लेक्चरर को बतौर एरियर्स 77 लाख रुपए का बिल बनाकर भुगतान भी कर दिया। इस गड़बड़ी का खुलासा विभागीय ऑडिट और प्राचार्य की शिकायत से हुआ, तब अफसरों की नींद उड़ गई। विभाग ने क्लर्क को सस्पेंड करने के साथ ही लेक्चरर को रिकवरी के लिए नोटिस जारी किया और तीन सदस्यीय जांच कमेटी से जांच कराई। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अब प्राचार्य, लेक्चरर और क्लर्क के खिलाफ रतनपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

बेलतरा स्थित हायर सेकेंड्री स्कूल में साल 2018 से 2019 के बीच महज 11 माह 20 दिन के भीतर का है। तब वहां प्राचार्य नरेंद्र राठौर अवकाश पर थे। उन्होंने लेक्चरर पीएल मरावी को प्राचार्य का प्रभार दिया गया था। साथ ही पीएल मरावी को ट्रांजेक्शन का अधिकार भी दिया।

तब प्रभारी प्राचार्य मरावी, लिपिक कैलाश चंद्र सूर्यवंशी, लिपिक निर्मला सिदार और व्याख्याता पुत्रीलाल कुर्रे ने अलग-अलग तारीख में एरियर्स के 22 बिल देयक के लिए कोषालय (ट्रेजरी) में प्रस्तुत किया।

जोन में दिव्यांगों को खास सुविधाएं यात्रा के दौरान नहीं होती परेशानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे दिव्यांगजनों के प्रति अपने सामाजिक दायित्वों व कल्याण को सुनिश्चित करते हुए उन्हें तमाम सुविधाएं देने का प्रयास कर रहा है। जिससे की सफ़र के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। दिव्यांग यात्री बिना किसी के सहयोग से 318 स्टेशनों में आसानी से सफ़र कर सकते हैं। यहां उनकी आवश्यकता के अनुरूप सुविधाएं मुहैया कराई गई है। स्टेशन एवं प्लेटफ़ॉर्म पर प्रवेश के लिए विशेष रूप से रैंप तैयार किए गए है। जिसकी सहायता से इस श्रेणी के यात्री आराम से प्लेटफ़ॉर्म में प्रवेश कर सकते है। 78 स्टेशनों पर रैंप की सुविधा दी गई है।

बिलासपुर, अकलतरा, सक्ति, दुर्ग, गोंदिया, डोंगरगढ़ और छिंदवाड़ा में फुट ओवरब्रिज के साथ रैंप की सुविधा दी गई है। साथ ही टिकट काउंटरों पर भी रैंप बनाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पांच स्टेशनों पर 12 एस्केलेटर एवं नौ स्टेशनों पर 22 लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ 5 स्टेशनों में 12 एस्केलेटर एवं 10 स्टेशनों पर 17 लिफ्ट की सुविधा मिलेगी। यह स्वीकृत है। इतना ही नहीं रेलवे ने छोटा रैंप भी बनाया गया। यह सुविधा 19 प्रमुख स्टेशनों पर है। इसके अलावा दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय 203 स्टेशनों पर है। ट्रेनों में दिव्यांगों के लिए एक अलग कोच की सुविधा दी गई है।

इन कोचों में चौड़े प्रवेशद्वार, चौड़े बर्थ, विशेष शौचालय एवं उसमें व्हील चेयर के लिए निर्धारित स्थान और अतिरिक्त ग्रैब रेल आदि सुविधाएं उपलब्ध है। नए एलएचबी कोचों में अंतिम कोचों को एलएसएलआरडी कोचों को डिजाइन किया गया है, जो कि दिव्यांग यात्रियों के लिए अनुकूल कोच है। उन्हें मिलने वाली सुविधाओं में कोचों की स्थिति एवं प्लेटफ़ॉर्म नंबर, कोचो के सीक्वेंस सभी जानकारियां, ट्रेनों के समय आदि का एलइडी ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, कोच इंडिकेशन बोर्ड द्वारा डिस्प्ले की जाती है। 202 स्टेशनों पर व्हील चेयर एवं स्ट्रेचर आदि की भी व्यवस्था स्टेशनों पर निशुल्क दी गई है।

केंद्र की नजर गांव की ओर, सुशासन सप्ताह मनाने जारी किया फरमान

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव होना है। केंद्र सरकार ने एक साल पहले ही छत्तीसगढ़ पर फोकस करना शुरू कर दिया है। केंद्र के निर्देश पर गौर करें तो आज से 25 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ में सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। इसके लिए प्रशासन गांव की ओर थीम दिया गया है। पूरा प्रशासनिक अमला गांव की ओर नजर आएगा। केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेश में सुशासन सप्ताह की शुरूआत हो गई है। केंद्र ने जिला प्रशासन को गांव की ओर जाने और ग्रामीणों व किसानों का सुध लेने का फरमान जारी किया है। इस पर प्रभावी ढंग से अमल भी शुरु हो गया है। प्रशासन गांव की ओर थीम को लेकर सुशासन सप्ताह में लोक शिकायतों के निवारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित कर लंबित तमाम शिकायतों के अभियान चलाकर निराकरण किया जाए। प्रचलित सभी पोर्टलों में दर्ज शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप निराकरण करने के निर्देश जारी किए है। शिकायतों के निराकरण के साथ ही शिकायतकर्ता को भी इसकी जानकारी देनी होगी। इस सिलसिले में 23 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कोरोना संक्रमणकाल के तकरीबन तीन साल बाद अब जाकर प्रशासनिक अमले की हलचल गांव की ओर नजर आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा मामले राजस्व से संबंधित है। सीमांकन, बटांकन सहित छोटे-छोटे मामलों के लिए किसानों व लोगों को भटकना पड़ रहा है। सुशासन सप्ताह के तहत गांव में शिविर लगाकर राजस्व मामलों का निराकरण किया जाएगा। इससे किसानों को राहत मिलेगी।

रेलवे फुटबाल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में इसकी झलक दिखाई दी थी। पथ संचलन और बौद्धिक के दौरान संघ स्थान में चले गांव की ओर लगे स्लोगन और संघ परंपरा के अनुसार एकल गीत के दौरान गांव की ओर चलने और ग्रामीण परिवेश के उल्लेख से ही इस बात के संकेत मिलने लगे थे कि केंद्र सरकार और भाजपा का फोकस गांव की ओर रहने वाला है। सुशासन सप्ताह के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी थीम से यह स्पष्ट हो गया है कि संघ के नजरिए से केंद्र सरकार गांव की ओर फोकस कर दिया है।

प्रदेशभर के औद्योगिक क्षेत्रों को स्थानीय निकाय की सीमा से बाहर रखने की उठी मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर प्रदेशभर के औद्योगिक क्षेत्रों को स्थानीय निकाय की सीमा से बाहर रखने की मांग की है। संघ का कहना है कि स्थानीय निकायों के बढ़ते हस्तक्षेप के कारण भय का वातावरण बनने लगा है।असमंजस की स्थिति के बीच कारखानों का सुगमतापूर्वक चलाना तकनीकी और व्यवहारिक दोनों ही दृष्टिकोण से कठिन होते जा रहा है। स्थानीय निकायों से अलग पृथक इंडस्ट्रियल टाउनशीप की घोषणा करने की मांग की है। संघ ने अपने पत्र में प्रदेश की औद्योगिक नीति का हवाला देते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2019-24 के परिशिष्ट आठ के कंडिका पांच में यह व्यवस्था दी है कि भारत सरकार व राज्य शासन द्वारा अनुमोदित समस्त औद्योगिक क्षेत्रों व पार्कों को स्थानीय निकायों की परिधि से बाहर रखने के लिए पहले परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान संशोधन की आवश्यकता महसूस होती है तो ऐसी स्थिति में यथोचित संशोधन किए जाएंगे। इसी के तहत अधिसूचनाएं जारी की जाएगी।

बस्ती तोड़ने की कार्रवाई का विरोध, बरगद के नीचे खाया खाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में नगर निगम ने बस्ती को तोड़ने रहवासियों को नोटिस जारी कर दिया है। इसके विरोध में आम आदमी पार्टी के साथ स्थानीय लोगों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सोमवार की रात आंदोलनकारियों ने पेड़ के नीचे भंडारा लगाया और धरनास्थल पर ही महिलाओं और बच्चों के साथ भोजन किया। उनका कहना है कि बस्ती बचाने की उनकी यह मुहिम पिछले तीन साल से चल रही है। लेकिन, हर बार निगम के अफ़सर उन्हें नोटिस थमाकर मकान खाली करने की धमकी देते रहे हैं।

दरअसल, नगर निगम के वार्ड क्रमांक 25 तालापारा मिनी बस्ती को खाली कराने की योजना बनाई है, जिसका यहां के रहवासी विरोध कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने मिनीमाता बस्ती बचाओ संघर्ष समिति गठित कर आंदोलन की शुरूआत की थी। उनके विरोध-प्रदर्शन के चलते ही नगर निगम की कार्रवाई धीमी पड़ गई थी।

बस्ती को बचाने स्थानीय लोग संगठित होकर बीते तीन वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। बस्ती के लोगों को नगर निगम आयुक्त ने फिर से नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस मिलने पर वापस उस जगह से हटाए जाने को लेकर उनके मन में गुस्सा है।

हाईकोर्ट ने फॉर्मेसी काउंसलिंग कराने का आदेश दिया

कहा-31 तक काउंसलिंग कराएं, आरक्षण कानून रद्द होने से रुक गया था एडमिशन

बिलासपुर/नवप्रदेश। फॉर्मेसी कॉलेजों में प्रवेश के एक मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने महत्वपूर्ण फ़ैसला सुनाया है। अदालत ने तकनीकी शिक्षा विभाग को मौजूदा नियमों के आधार पर 31 दिसम्बर से पहले डी. फॉर्मा और बी. फॉर्मा के लिए काउंसलिंग पूरा कराने का आदेश दिया है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने सात सितम्बर को काउंसिलिंग के लिए अधिसूचना निकाला था। उच्च न्यायालय के एक फैसले से आरक्षण कानून रद्द होने के बाद यह काउंसलिंग टाल दी गई थी।

काउंसिलंग में हो रही देरी से प्रभावित विद्यार्थियों ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। उनका कहना था, सर्वोच्च न्यायालय ने मेडिकल और फॉर्मेसी कॉलेजों में प्रवेश के लिए 31

दिसंबर तक की डेडलाइन तय की है। इस तिथि से पहले यदि काउंसलिंग शुरू नहीं हो पाई तो सत्र को शून्य घोषित करना पड़ेगा। यानी इसके बाद कॉलेजों में प्रवेश बंद हो जाएंगे और फिर इसे अगले सत्र में ही शुरू किया जा सकेगा। विभाग ने काउंसलिंग प्रक्रिया रोक दी है। ऐसे में उनका साल खराब हो जाएगा। सभी पक्षकारों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और एन.के. चंद्रवंशी की डिविजन बेंच ने 19 दिसम्बर को यह फैसला सुना दिया। इसमें कहा गया, 31 दिसंबर से पहले हर हाल में बी.-फॉर्मेसी और डी.-फॉर्मेसी की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी की जाए। शासन स्तर पर यदि आरक्षण के नियमों में कोई पेंच फंसा है तो वर्तमान में जो आरक्षण सिस्टम लागू है उसी हिसाब से काउंसलिंग की जाए।

अभी स्थिति क्या है यह स्पष्ट नहीं, मेडिकल फॉर्मूला पर भी विचार

याचिकाकर्ताओं के वकील क्षितिज शर्मा का कहना है, उच्च न्यायालय ने काउंसलिंग कराने को कहा है। इस मामले में आरक्षण के पुराने आदेश पर टिप्पणी करना ठीक नहीं होगा। वहीं महाधिवक्ता का कार्यालय इस मामले में स्थिति स्पष्ट नहीं कर रहा है। तकनीकी शिक्षा विभाग का कहना है, आदेश मिलने के बाद उसका परीक्षण कराया जाएगा। उसके बाद फैसला होगा। कहा जा रहा है, विभाग मेडिकल काउंसिलिंग फॉर्मूले पर भी विचार कर रहा है। एमबीबीएस और एमडी-एमएस में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने 2012 से पहले प्रचलित आरक्षण रोस्टर इस्तेमाल कर लिया था। इसके तहत अनुसूचित जाति को 16%, अनुसूचित जनजाति को 20% और अन्य पिछड़ा वर्ग को 14% के अनुपात में आरक्षण दिया गया।

संवैधानिक मामलों के विशेषज्ञ बी.के. मनीष का कहना है, आरक्षण के संदर्भ में मौजूदा विधि से तात्पर्य उस तारीख से होगा जबकि प्रवेश (या नियुक्ति) वास्तव में दी जाती है, इसलिए फ़िलहाल कोई आरक्षण नहीं हो सकता।

कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

■ महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रिपा) के बेहतर क्रियान्वयन हेतु शीघ्र कार्ययोजना तैयार करें : कलेक्टर

■ निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले के चिन्हांकित गौठानों में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के बेहतर क्रियान्वयन हेतु शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिपा अंतर्गत चिन्हांकित गौठानों में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिपा में मूलभूत सुविधाएं और आधारभूत संरचना के कार्यों को शीघ्र पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की संरचना लगभग एक जैसे रखा जाए और सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था हो। उन्होंने रिपा में स्थानीय मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने हेतु यूनिट स्थापना के लिए कार्ययोजना बनाने और कार्य करने हेतु स्व सहायता समूहों, इच्छुक स्थानीय युवाओं एवं निजी उद्यमियों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप ग्रामीणों को रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध कराने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड के दो-दो गौठानों में रिपा की स्थापना की जा रही है। यह शासन की उच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसे गंभीरतापूर्वक करें। रिपा के कार्यों को शीघ्र पूरा मूर्त रूप दें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत ने बताया कि मुंगेली विकासखंड के ग्राम लिम्हा और संबलपुर, लोरमी विकासखंड के ग्राम चंदली और सावंतपुर एवं पथरिया विकासखंड के ग्राम धरदेई और सिलतरा में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किया जा रहा है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर,एसडीएम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

तीन दोस्तों ने मिलकर कर दी एक की हत्या

■ तीनों आरोपी गिरफ्तार

सारंगढ़/नवप्रदेश। थाना कोतवाली सारंगढ़ को सूचना मिली की ग्राम कटेकोनी मुख्य मार्ग पर एक युवक की लाश पड़ी हुई है। मामला प्रथम दृष्टया हत्या का लग रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय चौधरी मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देकर दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। जहां सूचक घनश्याम कुर्रे ने बताया कि इसका पुत्र अजय कुर्रे 18 दिसंबर 2022 की रात को लगभग 8:00 बजे मेला देखने जा रहा हूं कहकर निकला था जो रात भर से घर नहीं आया। सुबह गांव में हल्ला हुआ कि गांव के बाहर होरी डोली के पास इसके लड़के अजय का शव पड़ा हुआ है। खबर मिलते ही प्रार्थी मौके पर जाकर देखा तो इसके लड़के अजय कुर्रे के सर व चेहरे के बाई भाग पर गंभीर चोट के निशान थे। घनश्याम कुर्रे ने बताया कि रात्रि में गांव के हंसराज निराला और जसवंत निराला के साथ उसके पुत्र को घूमते हुए देखा गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मौके पर ही मर्ग कायम करते हुए धारा 302 का अपराध अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, उप पुलिस अधीक्षक स्नेहिल साहू स्वयं मौके पर उपस्थित हुए और घटनास्थल का बारीकी से अवलोकन कर थाना प्रभारी विजय चौधरी को इन्वेस्टिगेशन के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। जिसका पालन करते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए संदिग्धों को उनके घर से धर दबोचा साथ ही अपने लोकल सूचना तंत्र के माध्यम से घटना के संबंध में प्रारंभिक जानकारी निकाल ली। मुखबिरो से मिली जानकारी और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर सारंगढ़ पुलिस ने कुछ घंटों में ही अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया। पूछताछ पर संदेहियों ने बताया कि कल रात 8:00 मृतक अजय कुर्रे और आरोपी हंसराज निराला एवं जसवंत निराला ने पहले एक साथ शराब पी उसके बाद यह लोग और शराब पीने की इच्छा से गांव से बाहर की ओर आ गए तभी गांव के ही अमित कोसले और संतोष कुर्रे सारंगढ़ से ड्यूटी के बाद अपने गांव लौट रहे थे तो रास्ते में इन तीनों ने अमित को रोक लिया और उसे शराब ढूंढने चलने को कहने लगे तब अमित संतोष कुर्रे को उसके घर छोड़कर उन तीनों को लेकर फिर शराब सेवन के लिए निकल पड़े। रात्रि लगभग 12:00 बजे चारों अत्यधिक शराब के नशे में आ गए। अजय कुर्रे शराब के नशे में तीनों से विवाद कर उन्हें गाली गलौज कर रहा था तब गुस्से में आकर पहले तो तीनों ने मिलकर उसे हाथ मुक्के लात से मारा जब वह जमीन पर गिर पड़ा तो हंसराज निराला ने पास पड़ा पत्थर उठाकर उसके चेहरे पर पटक दिया जिससे मृतक के सिर और चेहरे के बाएं भाग पर गंभीर चोट आ गई और मौके पर ही अजय की मृत्यु हो गई। घटना के बाद अमित कोसले ने हंसराज और जसवंत को उनके घर छोड़ दिया और खुद भी घर जाकर सो गया। घटना में प्रयुक्त पत्थर को पुलिस ने सामने के खेत से बरामद कर लिया है और आरोपी हंसराज निराला, जसवंत निराला और अमित कोसले को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

उक्त सक्रिय कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय चौधरी एवं समस्त कोतवाली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

समीक्षा बैठक में भुंइयॉ एवं ई-कोर्ट का भी प्रशिक्षण मिला

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय कांकेर में आज सभी राजस्व अधिकारियों अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार एवं रीडर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें अपर कलेक्टर एस. अहिरवार द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा किया गया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में भुंईयॉ एवं ई-कोर्ट का भी प्रशिक्षण दिया गया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री अहिरवार द्वारा विवादित एवं अविवादित नामांतरण तथा बंटवारा प्रकरणों का निराकरण एवं निराकरण नहीं होने की स्थिति में पोर्टल में कारण सहित प्रविष्ट करने के निर्देश दिये गये, साथ ही सभी तहसीलों में विशेष अभियान चलाकर सीमांकन प्रकरणों को पूर्ण करने कहा गया। डायवर्सन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण तथा नारंगी वनखण्डों का वन विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त सर्वेक्षण पश्चात् रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। उनके द्वारा भू-राजस्व, डायवर्सन भू-भाटक वसूली तथा आर.आर.सी. प्रकरणों में वसूली और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को भूमि आबंटन के स्थिति की समीक्षा किया गया तथा व्यवहार न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में प्रस्तुत याचिका में समय पर जवाब-दावा प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। मोबाईल टावर हेतु एनओसी तथा वनग्राम से राजस्व ग्राम घोषित करने की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी किया गया। बैठक में एसडीएम भानुप्रतापपुर प्रतीक जैन, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, एसडीएम चारामा राकेश गोलछा, एसडीएम पखांजूर मनीष साहू सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार और सभी राजस्व न्यायालय के रीडर भी

राज्य वीरता पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल कल्याण के क्षेत्र में अधिकतम 5 बालक, बालिकाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। बच्चों को किसी विशेष घटना में उनके द्वारा किसी की जीवन रक्षा अथवा उसको शारीरिक क्षति से बचाने के उद्देश्य से निःस्वार्थ भाव से अदम्य साहस, शौर्य एवं बुद्धिमता प्रदर्शित के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग छ०ग० की योजना के तहत उनको राज्य वीरता पुरस्कार प्रति बालक, बालिका को 15 हजार रूपये प्रदान किया जाता है। राज्य पुरस्कार हेतु नामांकन, आवेदन पूर्व वर्ष की भांति निर्धारित मापदण्डों एवं नियम के अनुसार दन्तेवाड़ा जिले से भी वीर बालक, बालिकाओं के द्वारा भरा जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद् के अनुसार घटित घटना की अवधि 01 जनवरी 2022 से आवेदन की तिथि के मध्य घटना दिनांक को बालक, बालिका की आयु 18 से अधिक नहीं होनी चाहिए। उक्तानुसार जिले में ऐसे बालक, बालिकाओं को जो वीरता के साथ निःस्वार्थ भाव से घटना प्रदर्शित किया हो निर्धारित प्रारूप में आवेदन कार्यालयीन समय पर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, कक्ष क्रमांकः- 230 संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट दन्तेवाड़ा में 20 से 30 दिसम्बर 2022 तक प्राप्त एवं आवेदन कर सकते है।

विधायक निधि के तहत निर्माण कार्यों के लिये 43 लाख 77 हजार रुपये की स्वीकृति

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत दंतेवाड़ा विधायक देवती महेंद्र कर्मा की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा सात निर्माण कार्यों के लिए 43 लाख 77 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति राशि प्रदान की गई है। इसके तहत् गीदम ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम गुमडा, कुंडेनार, नांगुल में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम मोफलनार में कला मंच निर्माण, ग्राम गुमड़ा में डोम शेड निर्माण, ग्राम गुटोली में बाउंड्रीवाल निर्माण एवं छिंदनार में पुलिया निर्माण हेतु 43 लाख 77 हज़ार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति राशि दी गई है। उक्त सभी निर्माण कार्यों की मापदंडों का परिपालन कर नियत समयावधि में पूर्ण किए जाने के निर्देश क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गीदम को दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के तहत् कुपोषित बच्चों को दवाई क्रय कर उपलब्ध कराया जाता है। जिसके परिपालन में ग्राम अवरीद के उपस्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन कराया गया। जिसमें कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु डॉ. लोकराज लहरे आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा कुल 89 बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया जिसमे कुल 70 गंभीर कुपोषित बच्चों को बाल संदर्भ कार्ड के माध्यम से दवाई क्रय कर वितरण किया गया व 08 गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करवाने हेतु चिन्हांकित किया गया। एवं इसी के तहत् पोषण पुनर्वास केन्द्र जिला चिकित्सालय जांजगीर में कुल 131 गंभीर कुपोषित बच्चों को भर्ती कर स्वास्थ्य लाभ दिलवाया जा चुका है।

सम्बन्धित पंचायत क्षेत्र के थाने में शस्त्र एवं अनुज्ञप्ति जमा करने के आदेश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 42 सहपठित छ.ग. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छ.ग. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 28 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य अंतर्गत जिलों के लिए सरपंच तथा पंच के रिक्त पदों के पंचायत उप निर्वाचन हेतु दन्तेवाड़ा विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम कवलनार, चितालंका एवं गीदम विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुचनार, बड़ेतुमनार, बड़ेसुरोखी, कारली, घोटपाल-1 एवं कुआंकोंडा वकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम मैलावाड़ा, हिरोली, श्यामगिरी एवं नीलावाया उप निर्वाचन 2022 प्रक्रिया 16 दिसम्बर 2022 से प्रारंभ हो रही है। जिसके अनुसार उप चुनाव हेतु मतदान 09 जनवरी 2023 दिन सोमवार को निर्धारित है। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 संबंधी कार्यवाही पूर्णरूपेण शांतिपूर्ण एवं मतदाताओं को अपने मतो का प्रयोग बिना किसी डर दबाव के निर्भयता पूर्वक करने के लिए कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखना आवश्यक है। अतएव आयुध अधिनियम 1959, अध्याय-1 पारा 17 (2) (4) में निहित प्रावधान अनुसार लोक शांति एवं लोक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संलग्न सूची अनुसार संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र के शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों को आदेश जारी होने के 48 घंटे के अंदर संबंधित पंचायत क्षेत्र के थाने में अपना शस्त्र एवं अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) जमा करने के आदेश दिए जाते है। यह आदेश तत्काल प्रभावशाली होगा।

रसोइयों का मानदेय भुगतान करने के निर्देश

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। विगत चार माह से प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अंतर्गत कार्यरत रसोइयों को मानदेय नहीं मिलने की जानकारी प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड अकलतरा, बलौदा, बम्हनीडीह और पामगढ़ के शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अंतर्गत कार्यरत रसोइयों को मानदेय प्रदान करना सुनिश्चित करें।

महिलाओं को मिला उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। जिला पंचायत कांकेर एवं वाटर एड इंडिया फ़ाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम पंचायत माटवाडा मोदी विकास खंड कांकेर जिला कांकेर में स्व सहायता समूह की महिलाओं का एकदिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया।जिसमे ग्राम पंचायत माटवाडा मोदी आश्रित ग्राम पंडरी पानी ग्राम पंचायत डुमाली आश्रित छोटे डुमाली की स्व-सहायता समूह की दीदीयों के साथ शौचालय उपयोग रखरखाव मरम्मत शौचालय रेट्रोफिटिंग जिसमें सुपर स्ट्रेक्चर, टैक्निकल स्ट्रक्चर लिज् पिट, वायचेम्बर गढ्ढे का भरना,की बारीक तकनीकीयों को रंगोली से आकृति बनाकर समूह को बताया गया। और शौचालय के मरम्मत एवं रख रखाव पर अपनी जवाबदेही और सहभागिया को साझा करते हुए, उसके समस्याओं की निराकरण पर चर्चा किया गया, साथ ही अपशिष्ट जल व ब्लैक वाटर से होने वाले बीमारियों को सभी के समक्ष प्रस्तुत कर जागरूक किया गया। FTK के मध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण की बारिकियों के बारे में प्रेरित करते हुए, विस्तारपूर्वक जानकारी साझा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि के शुभ हाथों से एसएचजी दीदियों को प्रशिक्षण पश्चात स्वच्छता के प्रति जागरूक हेतु उत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ग्राम पंचायत माटवाडा मोदी सरपंच श्रीटेकेश नाग मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत डुमाली सरपंच श्रीमती असलता मंडावी वाटर एड इंडिया फाउंडेशन जिला समन्वयक अजहर कुरैशी एवं एसएचजी टीम अरुण जैन तिलक जैन रोशन राम साहू एवं नरेंद्र सहारे और समस्त समूह की महिला अनिल पटेल, पंचायत सचिव प्रतिभा तेता रोजगार सहायिका उषा साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रही।

पटेल समाज के वर्किंग कमेटी की बैठक में शाकम्भरी जयंती हर्षोल्लास से मनाने की उठी बात

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा क्षेत्र के पटेल समाजिक भवन में कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज की वार्किंग कमेटी की बैठक हुआ बैठक में सर्वप्रथम पटेल समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी के छायाचित्र की पुजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ हुआ बैठक में कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज संरक्षक अमर सिंह पटेल, लतखोर पटेल पटेल समाज के राजा, नारायण सिंह पटेल पटेल समाज खुटैत, सिहावा राज अध्यक्ष बहुर सिंह पटेल, मोती लाल पटेल उपाध्यक्ष, नरेश कौशल संगठन मंत्री, कन्हैया कौशल प्रवक्ता, दिलीप पटेल सचिव,डिलेश्वर पटेल कोषाध्यक्ष, पुरषोत्तम पटेल न्याय पंच, राजू पटेल मिडिया प्रभारी ,सिया शरण पटेल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिहावा राज, अगनू राम पटेल , प्रेम पटेल, लकेश पटेल,प्रभाकर पटेल,खिलावन पटेल,खेदु राम पटेल, गजेन्द्र पटेल,डिगेश पटेल, युवराज पटेल, पुरषोत्तम पटेल, सहित सभी क्षेत्र के ग्रामीण अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, समाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में शाकंभरी जयंती पर्व को वृहद रूप से हर गांव,व शाक्मभरी मंदिर सिहावा,मारागांव शाक्मभरी मंदिर में शाकंभरी जयंती धुमधाम से मनाने की बात व प्रस्ताव किया गया।व सिहावा राज अध्यक्ष बहुर सिंह पटेल व संरक्षक अमर सिंह पटेल ने कोसरिया मरार पटेल समाज के उत्थान व समाज के हर कार्य में समाजिक बंधु अपनी भूमिका व सहभागीता देवे और लोगों को समाज की जनधारा में जोड़ने का प्रयास करें की बात कही।

250 ग्रामीण 65 छात्रों ने जाना यातायात के नियम

कांकेर/नवप्रदेश। शलभ सिन्हा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण में गोविंद वर्मा यातायात प्रभारी सहा. उप निरी. केजू राम रावत प्रधानआरक्षक अभिषेक दुबे तीरथ तेता द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कानापोड लखनपुरी के एनएसएस कैंप ग्राम खरथा में एनएसएस कैम्प के लगभग 65 छात्र-छात्राओं तथा गांव के लगभग 250 आम नागरिकों को रात्रि में प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात संबंधी जानकारी दी गई। पैदल चलने ,मोटरसाइकिल में चलने चलने के नियम बताए गए। सड़क दुर्घटना के कारण तेज रफ्तार ,नशा कर वाहन चालन ओवरलोड वाहन चालन ,माल वाहन में यात्री परिवहन यातायात नियमों का पालन न करना एवं मौत के कारणों हेलमेट सीटबेल्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । यातायात नियमों में सड़क चिन्ह/संकेतों, विद्युत संकेतों , इंडिकेटर का प्रयोग एवं यातायात के जवानों द्वारा दी जाने वाली संकेतों के बारे में बताया गया ।चलचित्र में वीडियो क्लिप दिखा कर हेलमेट की उपयोगिता के बारे में बताया गया । मोटरसायकल में तीन सवारी नही चलने बताया गया। लायसेंस बनाने के नियम बताये गए। इस दरमियान गांव के सरपंच पुष्पा जुरी, श्याम बाई गावड़े ,अनीता जुरी, देवबती जुरी, दिनेश्वरी जुरी, सावित्री साहू, गायत्री नेताम, शारदा निषाद तथा कार्यक्रम अधिकारी सरिता निर्मलकर एवं गांव के प्रतिष्ठित व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

वन मितान जागृति कार्यक्रम का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी वनमंडल के उत्तर सिंजगुर परिक्षेत्र में 2 स्थानो पर वनमितान जागृति शिविर का आयोजन किया गया । प्रत्येक शिविर में अलग अलग माध्यमिक व हायर सेकेण्डरी स्कूल से 60 -60 छात्र छात्राओं को इस प्रतिभागी को बनाया गया था। वन मितान जागृति कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन ,पर्यावरण एवं वानिकी गतिविधियों का जीवंत परिचय सह जागरूकता के माध्यम से वन मितान हरीत योद्धा तैयार करना है । जो भविष्य में वन कर्मचारियों को वन एवं वन प्राणी के सन्वर्धन् व् सुरक्षा मे सहयोग दे सके।

शिविर में उपस्थित समस्त लोगों को वन भ्रमण करवाते हुए विभिन्न वृक्ष वन औषधियां तथा वन प्राणियों की रह वास मत पक्षिम की पहचान करवा गया वनों का पर्यावरण एवं मानव जीवन के विकास पर होने वाले प्रभाव तथा जलवायु परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया।

पेंड्रा शिविर मे माध्यमिक शाला बिरझुली, हायर सेकेंडरी स्कूल बिरझुली,हायर सेकेंडरी स्कूल मोहदी , माध्यमिक शाला मोहदी तथा माध्यमिक शाला बेलोरा के बारहबारह छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया! कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य की गीत अरपा पैरी के धारण के गायन से किया गया कार्यक्रम का मुख्य अतिथि हरि विनायक सिन्हा वन सभापति जनपद पंचायत मगर लोड अध्यक्षता जनपद सदस्य रंभा देवी द्वारा किया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में श्रीमान टी आर वर्मा उपवनमंडलाधिकारी धमतरी उपस्थित थे। इस अवसर पर ओंकार सिंह ध्रुव श्री चुरामन् पटेल् ड्रइवर छाया ध्रुव ड्राइवर डोमा साहू स्ट्रेंड प्रताप साहू सीएफओ उपस्थित थे ! औषधियां पौधो के परिचय झाड़ु राम ध्रुव ने दिया ।

राज्य शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिले में लगायी जा रही छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर

■ योजनाओं की सफलता पर हितग्राहियों ने दिया फीडबैक

■ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कांता कुमार जनमन पत्रिका पाकर हुए खुश, कहा तैयारी में मिलेगी मदद

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में जिले में विभिन्न स्थानों पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर लगायी जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में शासन के सफलतम 4 वर्षों की गाथा, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों के सम्बन्ध में लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में तिथिवार आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में आज पोड़ी बचरा में प्रदर्शनी आयोजित की गई।

छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर में शासकीय योजनाओं तथा उपलब्धियों की जानकारी जनसामान्य को आकर्षक तस्वीरों के माध्यम से दी जा रही है। प्रदर्शनी देखने पहुंचे लोगों ने योजनाओं की सफलता और उन्हें मिले लाभ पर अपने अनुभव साझा किए तथा छत्तीसगढ़ सरकार को जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए शासन को धन्यवाद दिया।

योजनाओं की सफलता पर हितग्राहियों ने दिया फीडबैक, छात्रों ने जनमन पत्रिका सहित अन्य सामग्री को बताया परीक्षाओं की तैयारी में मददगार

प्रदर्शनी देखने आए किसान श्री मूलचंद अहीर ने बताया कि वे शासन की बाड़ी विकास योजना के अंतर्गत काम कर रहे हैं। आज इस योजना से मिली मदद से उन्हें अच्छा लाभ मिल रहा रहा है। शिविर में छायाचित्रों को देखकर खुश हुए रमेश कुमार यादव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए बताया कि धान के उचित मूल्य मिलने से किसानों के आर्थिक स्थिति में सुधार आया हैं, वे स्वयं धान बेचकर इसका लाभ ले रहे है। गत दिवस कटगोड़ी सोनहत में हुए शिविर में पहुंचे छात्र कांता कुमार राजवाड़े ने जनमन पत्रिका सहित अन्य सामग्री को परीक्षाओं की तैयारी में मददगार बताया।

अगले शिविर नगरीय निकाय बैकुंठपुर और शिवपुर-चरचा में आयोजित किये जायेंगे। प्रदर्शनी में पहुंचे लोगों को राज्य शासन की विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित जनमन पुस्तिका, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक, न्याय का नया अध्याय, सेवा जतन सरोकार, करूणा सेवा सुशासन से संबंधित पुस्तक, पाम्पलेट, ब्रोशर आदि का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, नरवा-गरूवा-घुरवा-बाड़ी योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वनोपज, छत्तीसगढ़ मॉडल, बिजली बिल हाफ,कृष्ण कुंज, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, राजीव युवा मितान क्लब, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय आदि की जानकारी प्रदर्शित की गई है।

संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में जिले के प्रतिभागियों द्वारा किया जा रहा बेहतर प्रदर्शन

■ स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई में 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित की जा रही प्रतियोगिताएं

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। संभाग स्तर पर 19 से 21 दिसंबर तक स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम दिवस 19 दिसंबर को आयोजित प्रतियोगिता में जिले के कुल 175 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभागियों द्वारा भी बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। जिससे बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं।जिला खेल अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के प्रतिभागियों द्वारा प्रथम दिवस चित्रकला प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में कुमारी काजल कटियारे ने द्वितीय स्थान और 40 से अधिक वर्ष से अधिक आयु वर्ग में श्री हरप्रसाद कटकवार पहले स्थान पर आकर विजेता रहें। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में आनंद पाटले ने द्वितीय स्थान, फूड फेस्टिवल प्रतियोगिता में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सुश्री निशा भानु ने द्वितीय, भारतनाट्यम प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में ईशा श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, लोकनृत्य प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में जिले के दल ने प्रथम स्थान, हारमोनियम प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में श्री आयुष्मान शर्मा प्रथम स्थान, गिटार प्रतियोगिता में श्री विनोद कुमार ने 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय तथा शास्त्रीयगायन (हिंदुस्तानी) प्रतियोगिता 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में श्री कमलेश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार सरहुल, बस्तरिहा, लोकनृत्य, राउत नाच अंतर्गत 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में जिले के दल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही तीन दिवसीय संभाग स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता अंतर्गत 20 और 21 दिसंबर को भी जिले के प्रतिभागियों द्वारा अपना बेहतर प्रदर्शन दिया जा रहा है।

नौकरी लगाने का झांसा देकर साढ़े 8 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। मंगलम कॉम्पलेक्स अग्रसेन चौक समता कालोनी में नौकरी लगाने का झांसा देकर साढ़े 8 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कर्मा चौक रामनगर गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी भागीरथी गढ़ेवाल 64 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी बालकिशोर बैरवा ने प्रार्थी के लड़का अभिषेक कुमार 23 वर्ष एवं कोमल कुमार 20 वर्ष को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर प्रार्थी से साढ़े 8 लाख रुपए ले लिया। जब नौकरी नहीं लगवा पाया तो प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा। आरोपी द्वारा पैसे नहीं देने पर प्रार्थी ने मामले की शिकायत आजाद चौक थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

भवन का ताला तोड़कर हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। अग्रोहा कालोनी स्थित अंबेडकर भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर निवासी प्रार्थी सीडी खोबरागड़े 66 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि बीती रात अज्ञात चोर ने अंबेडकर भवन का ताला तोड़कर मूर्ति, साउण्ड सिस्टम, मिक्सर मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्किंग से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के मेला पार्किंग से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार भवानी नगर जोरा निवासी प्रार्थी संजय राव 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 6195 को मेला पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मामूली बात पर युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। समता कालोनी आजाद चौक में दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन नगर समता कालोनी निवासी प्रार्थी अशोक बाग 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कनवर बाग, निहाल बाग प्रार्थी के घर के पास गाली-गलौज कर रहे थे। जिससे प्रार्थी ने मना किया, तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। लालपुर काली नगर में एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार लालपुर काली नगर निवासी प्रार्थिया तामेश्वरी साहू 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके पड़ोस में रहने वाला आरोपी पोखन लाल साहू ने बिना कारण प्रार्थिया के पति से गाली-गलौज कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जमीन विवाद को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। रामायण कुटी नवागांव में जमीन विवाद के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार नवागांव नवापारा निवासी प्रार्थी राजाधर पटेल 39 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अश्वनी कुमार चक्रधारी एवं गोपाल ने जमीन विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो बाइक आपस में टकराई, दो की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम भड्हा बुडगहन में दो बाइक आपस में टकरा गई। जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुरूद निवासी प्रार्थी खिलावन साहू 38 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके पिता मृतक लालाराम साहू 55 वर्ष, खेदराम साहू 50 वर्ष व केशवराम साहू बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएम 0866 से कहीं जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएन 8345 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार लालाराम साहू और खेदराम साहू की मौत हो गई। वहीं घायल केशव का अस्पताल में इलाज जारी है। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सेजबहार पुलिस ने डोमा जुलूम रोड में अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 110 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक डोमा जुलूम रोड में भारी मात्रा में अवैध शराब रखा हुआ है और बिक्री कर रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोती साहू 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 बोरियों में 110 पाव देशी शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 12100 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

सरेआम शराब पीते 10 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने दलदल सिवनी आम रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी आकाश यादव 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी संजय साव 25 वर्ष व राजेश साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी टिकाराम सागर 41 वर्ष, देवार क्षत्रिय 32 वर्ष, सुनील दास 35 वर्ष, जयकिशन बघेल 34 वर्ष, इंदरमन साहू 46 वर्ष, जितू ताण्डी 27 वर्ष व बसंत सोनी 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शक्तिनगर खम्हारडीह में पुलिस ने एक युवक के पास से 307 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि खम्हारडीह शक्तिनगर में एक युवक अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गणेश बघेल 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 307 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 2500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

छग में गूंजेगी एमपी के बाघों की दहाड़ एटीआर व बारनवापारा सेंचुरी में छोड़ेंगे

हाथी मानव द्वंद रोकने जागरूकता अभियान को गति देने के सीएम ने दिए निर्देश

■ वन्य प्राणियों के लिए पानी और चारागाह विकसित करने पर बल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश से बाघ लाए जाएंगे। जिन्हें अचानकमार टायगर रिजर्व में छोड़ा जाएगा। इसके साथ ही साथ बारनवापारा अभ्यारण्य में भी बाघों के लिए अनुकूल परिस्थितियों के चलते टायगर छोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किए गए इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही साथ वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण, वन्य प्राणी मानव द्वंद रोकने के अनेक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वन मंत्री मोहम्मद अकबर, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, विधायक संगीता सिन्हा और डॉ. लक्ष्मी ध्रुव बैठक में उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री बघेल ने वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए वनों की 10 किलोमीटर की परिधि के गांवों में आजीविका मूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने, वन्य प्राणियों की सुरक्षा की दृष्टि से वन क्षेत्रों में संचार नेटवर्क को मजबूत बनाने, हाथी मानव द्वंद रोकने जागरूकता अभियान को गति देने और वन्य प्राणियों के लिए पानी और चारागाह विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में इनसे संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

छत्तीसगढ़ में बाघों की संख्या चार गुना करने के लिए ग्लोबल टायगर फोरम (जीटीएफ) द्वारा प्रस्ताव दिया गया था, जिसके क्रियान्वयन की अनुमति बैठक में दी गई। जिसके तहत अचानकमार टायगर रिजर्व में बाघ मध्यप्रदेश से लाकर छोड़े जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि अचानकमार टायगर रिजर्व में वन्यप्राणियों के लिए जल स्त्रोतों, चारागाह को विकसित किया गया है, जिससे शाकाहारी वन्यप्राणियों की संख्या में वृद्धि हो सके। छत्तीसगढ़ राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक में बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा अभ्यारण्य में फिर से टायगरों को पुनर्स्थापित करने के लिए टायगर छोड़ने के प्रस्ताव को भी सैद्धांतिक सहमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बारनवापारा अभ्यारण्य में वर्ष 2010 तक टायगर पाए जाते थे। टायगर रि-इंट्रोडक्शन एवं टायगर रिकव्हरी प्लान के तहत ख्याति प्राप्त वन्यप्राणी संस्थान से हैबिटेट सुटेबिलिटी रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी, जिसकी स्वीकृति राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली से प्राप्त होने के बाद इस अभ्यारण्य में बाघ पुनर्स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि शाकाहारी वन्य प्राणियों को विभिन्न प्रजनन केन्द्रों एवं अन्य स्थानों से लाकर प्रदेश के संरक्षित क्षेत्रों के प्राकृतिक रहवास में छोड़ा गया है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में 49 चीतल, बारनवापारा अभ्यारण्य में 39 काला हिरण, गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में 113 चीतल, अचानकमार टायगर रिजर्व में 20 चीतल, तमोर पिंगला अभ्यारण्य में 14 चीतल विभिन्न संरक्षित क्षेत्रों के नैसर्गिक रहवास में शाकाहारी वन्यप्राणियों को छोड़ा गया है। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्रों में हाथियों के लिए चारागाह, पानी आदि की व्यवस्था करने से हाथी मानव द्वंद की घटनाओं में काफी कमी हुई है। लगभग 11 हजार 314 हेक्टेयर चारागाह विकसित किए गए हैं। लगभग 80 हजार हेक्टेयर में खाद्य घास की प्रजातियां लगाई गई हैं। वन्यप्राणियों के पेयजल के लिए 12 स्टॉप डेम, 40 तालाब, 65 अर्दनडेम, 98 तालाबों का गहरीकरण किया गया है, इसी तरह 52 नालों में भू-जल संवर्धन और भू-जल संरक्षण के लिए संरचनाएं निर्मित की गई हैं। छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में भारत माला परियोजना अंतर्गत प्रस्तावित रायपुर-विशाखापटनम इकोनॉमिक कॉरिडोर निर्माण के लिए उदन्ती-सीतानदी टायगर रिजर्व में केशकाल एवं कांकेर वनमंडल के लगभग 64 वन क्षेत्र तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून द्वारा चिन्हांकित इन्द्रावती-उदन्ती-सीतानदी-सुनाबेड़ा टायगर कॉरिडोर के 7 वन कक्षों से गुजरने वाले लगभग 3.5 किलोमीटर राजमार्ग में प्रस्तावित इकानॉमिक कॉरिडोर निर्माण के लिए अनुमति दी गई। इस प्रस्ताव को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड को भेजा जाएगा। इस तरह भोपालपटनम से जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चिंतावागु नदी पर नवीन पुल निर्माण की अनुमति दी गई। यह प्रस्ताव भी राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड को अनुमति के लिए भेजा जाएगा। इस नवीन पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण इन्द्रावती टायगर रिजर्व के बफर जोन के 1.177 हेक्टेयर रकबे के अंतर्गत आता है।

बैठक में सूरजपुर के ग्राम नेवारी पारा से ग्राम खोड़ में विद्युतीकरण हेतु 0.35 हेक्टेयर वन भूमि और सूरजपुर के ग्राम टमकी से कोटवारीपारा तक 5.148 कि.मी. विद्युतीकरण करने हेतु 0.88 हेक्टेयर के व्यपवर्तन, लहपीपारा ग्राम पंचायत शोभा में 11 केव्ही विद्युत लाईन विस्तारीकरण, राजापड़ाव क्षेत्र के शुक्लाभाठा से झोलाराव तक तथा करापारा से भाठापानी में 11 केव्ही विद्युत लाईन विस्तारीकरण, ग्राम लिलांज में विद्युतीकरण कार्य हेतु एनओसी, परसेगढ़-पिछूर-सेण्ड्रा-चेरपल्ली मार्ग का डी.जी.पी.एस सर्वे कार्य की अनुमति दी गई। इस मार्ग पर छत्तीसगढ़ की सीमा पर इन्द्रावती नदी पर एक सेतु तथा छत्तीसगढ़ की ओर आने वाले पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाना है।

वन क्षेत्रों में संचार नेटवर्क मजबूत होगा

बैठक में वन क्षेत्रों में बेहतर संचार की सुविधा के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने और मोबाइल टॉवर लगाने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। इससे जहां वन प्राणी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। वहीं वन क्षेत्र के गांवों में पीडीएस सिस्टम, धान खरीदी, वृद्धावस्था पेंशन, बैंकिंग और ऑनलाइन पढ़ाई में आसानी होगी। बैठक में वनभैंसों में कृत्रिम गर्भाधान करने की अनुमति भी प्रदान की गई। इस प्रस्ताव के अनुसार वाइल्ड लाइफट्रस्ट ऑफइंडिया तथा LaCONES, CCMB हैदराबाद के विशेषज्ञों एवं वन विभाग में पदस्थ पशु चिकित्सकों के देख-रेख में वीर्य निकालने का कार्य किया जाएगा तथा इस उपयोग मादा वनभैंसों के कृत्रिम गर्भाधान हेतु किया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव वन मनोज कुमार पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय शुक्ला, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) पी.व्ही. नरसिंहराव सहित छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।

किसानों से अब तक 58 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीदी

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से धान खरीदी महाभियान के तहत समर्थन मूल्य पर अब तक 58 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। गौरतलब है कि राज्य सरकार इस वर्ष 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। एक नवम्बर से अब तक धान खरीदी लक्ष्य के विरूद्ध में 50 प्रतिशत से भी अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में राज्य के 14.66 लाख किसानों को 11,640 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 45 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके एवज में मिलर्स द्वारा 35 लाख 77 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। खाद्य विभाग के सचिव श्री टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2600 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि आज 19 दिसम्बर को लगभग 57 हजार से अधिक किसानों से 2 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है, इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए इस किसानों से 55 हजार टन से अधिक धान की खरीदी हुई है। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 77,124 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 18,269 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

रिजिजू की हिदायत सुको की अवमानना : रिजवी

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा सुप्रीम कोर्ट को दी गई बेतुकी हिदायत को गैरवाजिब करार देते हुए कहा है कि रिजिजू ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर शीर्ष अदालत को दिया गया अमर्यादित कथन कानून मंत्री जैसे गरिमामय पद पर आसीन व्यक्ति को शोभा नहीं देता है। इस कथन से एक तरह से छोटा मुंह बडी बात की कहावत चरितार्थ होती है एवं किरेन रिरिजू को सर्वोच्च न्यायालय से माफी मांगना चाहिए, साथ ही देश की न्यायपालिका तथा देशवासियों से भी सार्वजनिक क्षमा याचना करना चाहिए। सुको भलीभांति जानता है कि उसे क्या करना है और क्या नहीं करना है। रिजवी ने कहा है कि आजकल सत्ताधारी दल भाजपा के मंत्री एवं जनप्रतिनिधिण पद की गरिमा को भूल कर अमर्यादित व गैरवाजिब कथन करने से नहीं चूक रहे हैं जो देश की गरिमा को कलंकित करने वाले हैं। ऐसी अमर्यादित भाषा एवं टिप्पणी को रोकने भाजपा के हुक्मरानों को कड़े कदम उठाना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग को भी ऐसी अशोभनीय टिप्पणियों को रोकने आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत कड़े नियम बनाना चाहिए ताकि जनप्रतिनिधिगण पद की गरिमा का उल्लंघन करने की जुर्रत न जुटा पाए। देखा जा रहा है कि सत्ता एवं पद का दुरूपयोग प्रायः हर क्षेत्र में आसानी से देखा जा सकता है। ऐसी अमर्यादित बयानबाजी एवं टिप्पणियों से भाजपा की साख दिन ब दिन गिरती ही जा रही है जो आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पतन का प्रमुख कारण बनेगा।

पंडित सुंदरलाल शर्मा स्मृति प्रसंग' का आयोजन आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद अंतर्गत साहित्य अकादमी के तत्वाधान में पंडित सुंदरलाल शर्मा स्मृति प्रसंग का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संस्कृति विभाग परिषद स्थित सभाकक्ष में 21 दिसम्बर को शाम 5.30 बजे आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के सुविख्यात कवि, साहित्यकार, जन जागरण और सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, नाट्यकला, मूर्तिकला व चित्रकला में पारंगत विद्वान पं. सुंदरलाल शर्मा के योगदान के संबंध में व्याख्यान का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त ने बताया कि संस्कृति विभाग के सभागार में आयोजित होने वाले इस सांध्यकालीन कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार व व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव, जाने-माने कवि जीवन यदु व पं. सुंदरलाल शर्मा के परिवार की चौथी पीढ़ी के साहित्यकार ललित मिश्रा पं. सुंदरलाल के प्रेरकीय कृतित्व व जीवन प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार व चिंतक नंद किशोर तिवारी करेंगे।

अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम एवं नियम पर कार्यशाला का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के अजाक थानों के नोडल अधिकारी एवं वहाँ पदस्थ पुलिस अधिकारियों को संवेदीकृत करने के उद्देश्य से आज अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम एवं नियम पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस मुख्यालय, नवा-रायपुर के मुख्य सभागार में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा द्वारा किया गया। इस अवसर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संविधान के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ग के व्यक्ति के जीवन व संपत्ति की संरक्षण के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम लाया गया है। यह एक विशेष अधिनियम है, जो दूसरे कानूनों से हटकर है, जिसमें संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की जाती है। ऐसे प्रकरण की शिकायत थाने में आने पर बिना विलंब किये प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया जाना चाहिए एवं सक्रियता के साथ पीड़ित को राहत दिलाया जाना अजाक थाने के सुपरविजन अधिकारी का दायित्व है। प्रकरण के विवेचनाधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में चालान पेश करने के बाद ट्रायल की मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित तिथि में पीड़ित व गवाहों की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराई जावे। अपने उद्बोधन में पुलिस महानिदेशक ने अपराध के कारण हुए हानि के लिए पीड़ित को दिये जाने वाले राहत राशि पर जोर देते हुए कहा कि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ पीड़ितों को मिले इसके लिए पुलिस अधिकारियों को तत्परतापूर्वक कार्य करना चाहिए। वर्ष 2015 में इस एक्ट में हुए संशोधन, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय एवं राज्य मानव अधिकार आयोग के गाईडलाईन तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु जिलों से आये प्रतिभागियों को निर्देशित किया। पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी एस.सी. द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस महानिदेशक के मंशानुरूप पुलिस अधिकारियों की क्षमता वृद्धि हेतु विभिन्न विषयों पर लगातार सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन पुलिस मुख्यालय द्वारा कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज इस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके विभिन्न सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों सहित शासकीय योजनाओं की व्यापक जानकारी दी जावेगी।

छह सिंचाई योजनाओं के लिए 28.48 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के छह विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यो को कराने के लिए 28 करोड़ 48 लाख 46 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। योजना के पूरा होने से 1 हजार 434 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड-वाड्रफनगर की सुखनईया नाला स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 4 लाख 30 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 120 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-वाड्रफनगर की हरीगवां जलाशय योजना के जीर्णोद्धार निर्माण कार्य लिए 2 करोड़ 51 लाख 28 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

भारत बिल पे के जरिए एक माह में दस लाख लोगों ने किया बिजली बिल भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में विगत वर्षों में डिजिटल लेन-देन को लेकर जागरूकता बढ़ी है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उपभोक्ताओं में विभिन्न डिजिटल माध्यमों से भुगतान भी लगातार बढ़े हैं। प्रदेश में भारत बिल पे के जरिए बीते नवंबर महीने में दस लाख 21 हजार से अधिक लोगों ने बिजली बिल का भुगतान किया। वहीं भारत बिल पे प्रणाली से देशभर में रिकार्ड दस करोड़ से अधिक लोगों द्वारा विभिन्न प्रकार का भुगतान एक माह के भीतर किया गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अधीन संचालित एकीकृत भुगतान प्रणाली है। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री अंकित आनंद ने भारत बिल पे प्रणाली के सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान प्रणाली के प्रति लोगों में बढ़े रूझान पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने डिजिटल लेन-देन को लेकर लोगों में आ रहे इस बदलाव को सकारात्मक बताते हुए पारदर्शी व्यवस्था के लिए इसे एक अच्छा संकेत बताया।

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने बताया कि पॉवर कंपनी ने उपभोक्ता सेवा में विस्तार के लिहाज से कई ऑनलाइन सेवाओं को शुरू किया है। इनमें भुगतान के सभी प्लेटफार्म के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। अधिक सुरक्षित तथा आसान माध्यम के तौर पर डिजिटल भुगतान के प्रति लोगों में भी काफी रूझान देखा गया है। श्री खरे ने बताया कि विगत माह ही विभिन्न डिजिटल माध्यमों (भारत बिल पे सहित) से 15,52,531 उपभोक्ताओं ने कुल 912 करोड़ रूपए का भुगतान किया है।

भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) बिल पेमेंट की एकीकृत प्रणाली है, जो ग्राहकों को ऑनलाइन बिल पेमेंट सर्विस देती है। यह बिल पेमेंट के लिए एक इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म है। यह सिस्टम नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के अंतर्गत काम करता है। बीबीपीएस से बिल भेजने वाली करीब 20,000 इकाईयां जुड़ी हैं। भारत बिल भुगतान प्रणाली भारतीय रिजर्व बैंक की कल्पना अनरूप विकसित प्रणाली है जो भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा संचालित है।

एससी-एसटी वर्ग के अत्याचार से संबंधित प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही करें -पुलिस महानिदेशक

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कहा है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम एवं नियम के तहत शिकायतों एवं प्रकरणों बिना विलम्ब किए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों पर पीड़ित पक्ष राहत दिलाना अजाक थाने के सुपरविजन ऑफिसर का दायित्व है। श्री जुनेजा आज यहां पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में राज्य के अजाक थानों के नोडल अधिकारी एवं वहाँ पदस्थ पुलिस अधिकारियों को एससीएसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रति संवेदीकृत करने के उद्देश्य से आज एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ग के व्यक्ति के जीवन व संपत्ति की संरक्षण के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम लाया गया है। यह एक विशेष अधिनियम है, जो दूसरे कानूनों से हटकर है, जिसमें संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण की शिकायत थाने में आने पर बिना विलंब किये प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया जाना चाहिए एवं सक्रियता के साथ पीड़ित को राहत दिलाया जाना अजाक थाने के सुपरविजन आफिसर का दायित्व है। श्री जुनेजा ने कहा कि प्रकरण के विवेचनाधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में चालान पेश करने के बाद ट्रायल की मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित तिथि में पीड़ित व गवाहों की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराई जावे।

सीबीसी बिलासपुर ने अखरार में मनाया अमृत महोत्सव, याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी

■ विविध जागरूकता प्रतियोगिता से दिया आजादी के अमृत महोत्सव का संदेश

■ विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर ने विजेता प्रतिभागियों को दिया पुरस्कार व प्रमाणपत्र

लोरमी/नवप्रदेश। सूचना एवं प्रसारण, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो बिलासपुर द्वारा लोरमी विकासखंड के ग्राम पंचायती अखरार में आजादी का अमृत महोत्सव विषयक एकदिवसीय समेकित लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों के कृतित्व को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर फुगड़ी, महिला व पुरूष कुर्सी दौड़ व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोरमी विधायक धरमजीत सिंह ठाकुर के हाथों पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। सबसे पहले केंद्रीय संचार ब्यूरो बिलासपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित पत्रिका न्यू इंडिया समाचार की प्रति भेंट की गई। कार्यक्रम स्थल पर जी20 से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई गई व छत्तीसगढ़ में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि विधायक धरमजीत सिंह ठाकुर ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विधायक ने आम जनमानस से छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी प्रदर्शनी का जरूर देखने की अपील की। मुख्य अतिथि ने कहा कि आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिए उसे प्राप्त करने में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सेनानियों द्वारा झेली गई पीड़ा व वीरता को याद रखना आवश्यक है। इस दिशा में भारत सरकार द्वारा लगातार सराहनीय कोशिश की जा रही है। इंडिया75 के तहत निर्धारित किए गए लक्ष्यों के बारे में भी उन्होंने चर्चा की। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव सिर्फ स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की दृष्टि से ही नहीं बल्कि उनके सपनों को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। इसके तहत भारत चंद्र मिशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा हर क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की दिशा में कोशिश कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच कल्याणी देवी चंद्रकांत जायसवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ एफप्रीए केवी गिरी ने किया। कार्यक्रम के संयोजन में शशांक सचान, अंबिका लाल, धर्मेन्द्र सैन आदि का योगदान रहा।

फुगड़ी में नंदनी, रंगोली में रागिनी तिवारी विजेता

इस अवसर पर आयोजित देशज खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से सहभागिता की। फुगड़ी प्रतियोगिता में 6 मिनट के बाद भी नंदनी व राधिका बघेल डटी रही। अंत में दोनों को विजयी घोषित किया गया। तीसरे स्थान पर राधिका पटेल, दीपिका बघेल चौथे व ज्योति पांचवे स्थान पर रही। कुर्सी दौड़ पुरूष वर्ग में विवेकानंद पटेल प्रथम, राहुल नेताम द्वितीय, चंद्रप्रकाश साहू तृतीय, योगेश्वर पटेल चौथे व सुनील दास पांचवें स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रत्ना साहू प्रथम, दुर्गा द्वितीय, बेबी तृतीय, संतोषी चौथे व कंचन पांचवें स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या विहार प्रथम, कमलेश्वरी साहू द्वितीय, अनुष्का पटेल तृतीय व अनीता पटेल पांचवें स्थान पर रही।

स्वास्थ्य शिविर में 108 का उपचार

इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीएस दाउ के सहयोग से चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस. आयाम के नेतृत्व में चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योत्सना बिंझवार, ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी रत्नेश राज, फार्मासिस्ट दीप सिंह ठाकुर समेत स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। इस दौरान सामान्य बीमारी के 45, 15 लोगों की रक्त जांच, 27 लोगों की रक्तचाप व अन्य समेत कुल 108 लोगों का उपचार किया गया व दवाएं उपलब्ध कराई गई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के स्थानीय अधिकारी बजरंग प्रसाद व उनकी टीम ने लोगों को स्वास्थ्य शिविर में आने व आजादी का अमृत महोत्सव के बारे में जागरूक किया।

गीत-संगीत से जागरूकता प्रसार

आजादी का अमृत महोत्सव एक दिवसीय समेकित लोकसंपर्क कार्यक्रम के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर से पंजीकृत कलाकारों के दल रागिनी लोक कलामंच ने छत्तीसगढ़ी में आजादी के अमृत महोत्सव से समां बांधा। लोग आजादी के महत्व को मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे।

राष्ट्रीय स्तर पर सेंदूरगुड़ा के मरमम नागराज को मिला प्रथम स्थान

सुकमा/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता वर्ष 2022-23 का आयोजन 18 से 22 दिसम्बर तक आंध्रप्रदेश के गुन्टूर स्थित आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय में हो रहा है। एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालय कोंटा में अध्ययनरत कक्षा आठवीं का छात्र अति संवेदनशील सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र किस्टाराम के ग्राम सेंदूरगुड़ा निवासी मरमम नागराज ने आँध्रप्रदेश के गुंटूर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर ऊंची कूद (जूनियर वर्ग) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री हरिस. एस ने मरमम नागराज को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

वन भ्रमण करते हुए विविध प्रजाति के पौधों का परिचय कराते वानिकी कार्यों की जानकारी

नगरी/नवप्रदेश। पठार घाट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हीरामण ध्रुव जनपद सदस्य एवं जिला सदस्य लघुवनोपज संघ धमतरी अध्यक्षता निरेंद्र निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत पठार के सानिध्य में छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत एवं वन देवी की पूजा अर्चना से किया आया! परिक्षेत्र अधिकारी पंचराम साहू के निर्देशन में कक्ष क्रमांक 45 मे वन भ्रमण करते हुए विविध प्रजाति के पौधों का परिचय कराते वानिकी कार्यो की जानकारी ,भुजल संरक्षण एवं वन प्राणी मुन्नी प्राणी की राह वास्तव चेन्नई जानकारी दिया गया एक औषधियों का परिचय वैध्य श्री मन्नू राम ग्राम पठार द्वारा दिया गया! कार्यक्रम में सप अधिकारी मांगलोड संजय वंडलकर सप आधिकारी पठार पोखान साहू वहरिषदुबे व प्रभु कमर bf O सतरुपा पिसदा एवं अन्य् कर्मचारियों के साथ प्रतिभागी स्कुलो के शिक्षक भी थे। नवाचार के रुप में छात्र छात्राओं के साथ उपस्थित कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने भी नृत्य मे भाग लिया। कार्यक्रम उत्साह वर्धक एवं प्रेरणा दायक था। इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष की जाने का मांग छात्र छात्रा द्वार किया गया।

बेलरगांव के शीतलापारा में नर्मदाश्वर शिवलिंग स्थापित किया गया

नगरी/नवप्रदेश। बेलरगांव के शीतलापारा में की नर्मदाश्वर शिवलिंग किया गया स्थापित किया कर हवन पूजन कर खीरा पूड़ी प्रसाद वितरण किया गया...जिसमे गायत्री परिवार के चुन्नूलाल साहू जी के द्वारा हवन पूजन किया गया जिसमे उपस्थित केसरी साहू,संजू देवांगन,गोदावरी देवांगन, देवकी देवांगन, ऊषा देवांगन,अनपुना देवांगन, गीता साहू,पुनिया साहू दीपा कोर्राम,गायत्री साहू , बिन्दा साहू मधु साहू, भुनेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थे साथ ही राजकुमार साहू,खिलेश्वर देवांगन,टिकेश देवांगन, ईश्वर देवांगन,जयकिशन साहू,मनरखन कोर्राम,खेमचंद देवांगन खोमन साहू, प्रेमसागर साहू,एवं बड़ी संख्या मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

जनपद पंचायत नगरी सभा कक्ष में टीकाकरण के संबंध में बैठक आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। जनपद पंचायत नगरी में नियमित टीकाकरण के संबंध में बैठक आयोजित जनपद पंचायत नगरी के सभा में नियमितीकरण हेतु जानकारी देने के यूनिसेफ नुपुर पाण्डे के द्वारा 102 ग्राम पंचायत उपस्थित सचिव संरपच को जानकारी उपलब्ध कराया गया खंड चिकित्सा समव्यक जितेंद्र साहू के द्वारा जानकारी देते हुए सरपंच एवं सचिव की सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग करने का आग्रह किया गया उनकी टीम के सहयोग के द्वारा बाल विवाह को रोकने जागरूकता लेने का आग्रह किया गया इस संबंध में बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके पटेल विकास विस्तार अधिकारी एनके बागड़ सहायक विस्तार अधिकारीआर एस नेताम पंचायत निरीक्षक आनंद साहू एवं 102 पंचायत के सरपंच सचिव उपस्थित थे।

नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया

सुरजपुर/नवप्रदेश। सुरजपुर के कलेक्टर ईफ्फ्त आरा के निर्देशन में एवं समाज कल्याण विभाग जिला सुरजपुर के उपसंचालक बी तिर्की के मार्गदर्शन में समाज सेवी संस्था छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के तत्वावधान में 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर सुरजपुर के नशा मुक्ति केंद्र में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र सोनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हूए कहा कि नशा हमेशा हानिकारक होता है।नशे से सभी अपराध होते हैं। जितेन्द्र सोनी ने कहा कि नशा हमेशा ही खराब होता है। नशे के कारण पुरा परिवार बर्बाद हो रहा है। जितेन्द्र सोनी कहा कि नशा मानव समाज के लिए घातक है इससे समाज में अनेकों अपराध पनपते हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान अम्बिकापुर के नशा मुक्ति केंद्र के सामाजिक कार्यकर्ता अमित मिश्रा ने कहा कि नशेड़ी ब्यक्ति अपने इच्छाओं को पूरी करने के लिए चोरी, लूट, डकैती जैसे जघन्य आपराधिक कृत्य करने लगता है, जिससे कि वहां नशा करने के लिए पैसा इकट्ठा कर सके।इस अवसर पर विशाल गोस्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान जिला प्रशासन सुरजपुर के साथ मिलकर नशा मुक्त सुरजपुर बनाने का कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के सचिव सुरेन्द्र साहू लगातार 30 वर्षों से अविभाजित सरगुजा जिला में नशामुक्ति जागरूकता अभियान लगातार चला रही है। नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के जितेन्द्र सोनी,अमित मिश्रा, विशाल गोस्वामी, योगेश गुप्ता, दीपक देवांगन, संजय जायसवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

बेदाग छवि के रूप में स्थापित रहे मोतीलाल वोरा-शिशुपाल शोरी

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा जी के जयंती पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतत्व को याद करते हुए संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी ने कहा कि भारतीय राजनीति में अपनी बेदाग छवि के लिए जाने एवं पहचाने जाने वाले स्व.मोतीलाल वोरा जी का लम्बा राजनीतिक जीवन रहा इस दौरान वे कांग्रेस संगठन के महत्वपूर्ण पद पर अपने जीवन काल के अंतिम समय तक कुशलता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया साथ ही साथ अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश के तत्कालीक समय के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के पद पर रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किया, अपने जीवन काल में वे ताउम्र कांग्रेसी रहे और कांग्रेस के लिए समर्पित होकर कार्य किया।इस दौरान कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। जिसमें प्रमुख रूप से जिला महामंत्री सुनील गोस्वामी, ब्लाक अध्यक्ष रोमनाथ जैन, महेन्द्र यादव, लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, इसहाक अहमद खान, चमन साहू आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

आईटीआई व लाईवलीहुड कॉलेज में 23 से 29 तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य केपस्टन फैसिलिटिज मैनेजमेंट लिमिटेड, हैदराबाद के द्वारा सिक्युरिटी गार्ड , सिक्युरिटी सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए आई.टी.आई खरौद में 23 दिसम्बर को , आई.टी.आई.मालखरौदा में 26 दिसम्बर को एवं लाईवलीहुड कॉलेज जांजगीर में 29 दिसम्बर को प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। कैम्प में शामिल होने वाले युवा अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा रोजगार पंजीयन के साथ उपस्थित हो सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

बीआईओपी स्कूल ने मनाया 56वां वार्षिकोत्सव

■ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएमडीसी के मुख्य महाप्रबंधक व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष थे

किरन्दुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरंदुल की बीआईओपी हायर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अपना 56 वां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया इस समारोह के मुख्य अतिथि एनएमडीसी परियोजना किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार थे विशिष्ट अतिथियों में परियोजना के उप महाप्रबंधक कार्मिक बीके माधव महाप्रबंधक उत्पादन एसबी सिंह नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील जैन उपस्थित थे सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विनय कुमार के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर बच्चों द्वारा मां सरस्वती की वंदना गीत प्रस्तुत की गई तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य विश्वास द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख विनय कुमार निधि विद्यार्थियों को सदैव अपनी प्रतिभा निकालते हुए नित नए आयाम चुनते रहते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया एवं सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तत्पश्चात 2021-22 में उच्चतम अंक प्राप्त कर ग्रामीण सूची में नाम दर्ज करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि के कर कमलों से प्रमाण पत्र व प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शानदार नित्य संगीत का बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंत में प्राचार्य अरूमोय विश्वास ने इस समारोह की सफलता पर विद्यालय कि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों अतिथियों एवं पालक जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया इस कार्यक्रम में संयुक्त खदान मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मधुकर सीतापराव, संगठन सचिव नोमेश्वर राव, कार्यालय सचिव नरसिम्हा रेड्डी, इंटके के कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी लोहिदास, प्रशांत कुमार वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक वेल्वसंथन एसके कोचर प्रकाश विद्यालय के प्राचार्य फिलिप अब्राहम डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पीएल वर्मा एवं बच्चों के पालक भारी संख्या में मौजूद थे।

केंद्रीय वित्त मंत्री से सांसद मंडावी ने की मुलाकात

■ सांसद ने स्थानीय समस्याओं से कराया अवगत

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा शीत कालिन सत्र के दौरान दिल्ली में कांकेर सांसद मोहन मंडावी जी केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भागवत कृष्ण राव जी कराड़ से मिलकर स्थानीय समस्याओं से अवगत कराते हुए। कांकेर सांसद ने दुरस्थ वनांचल में किसानों एवम आम नागरिकों के सुविधा के लिए बैंकिंग सेक्टर को सुदृढ बनाने के साथ जरूरत के आधार पर बैंकिग सुविधा उपलब्ध कराई जाने की मांग की गई। सांसद मोहन मंडावी ने केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री से अनुसूचित क्षेत्र में बैंकिग सुविधा के विस्तार के लिए सांसद मोहन मंडावी को आश्वस्त किया। इस भेंट में कांकेर सांसद मोहन मंडावी के साथ सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन गुण्डरदेही भी मौजूद थे।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन 'बिहान' का सक्षम केंद्र का शुभारंग

कांकेर/नवप्रदेश। संकुल संगठन गढ़पिछ्वाड़ी ग्राम कोड़ेजूंगा बायपास रोड काकेर में बिहान सक्षम केन्द्र का 20 दिसंबर मंगलवार को शुभारंभ किया गया है।बिहान सक्षम केन्द्र में वित्तीय एवं बैंकिंग सलाह सहायता के लिए स्थापित किया गया है।

बिहान सक्षम केंद्र का शुभारंभ अश्वनी कुमार यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कांकेर बैंक मैनेजर दास धनश्याम बेस डीपीएम एफ्एम जिला पंचायत कांकेर रवि कुमार साहू बीपीएम जनपद पंचायत कांकेर के मुख्य अतिथ्य में संपन्न किया गया।

बिहान सक्षम केंद्र के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी यादव ने बताया कि बिहान सक्षम केन्द्र में वित्तीय एवं बैंकिंग सलाह सहायता के लिए स्थापित किया गया है।जिसके अन्तर्गत बैंक खाता खोलन ऋष्टा रामा बीमा एवं अन्य वित्तीय जानकारी निःशुल्क प्रदाय किया जावेगा। जिसे आसपास के ग्रामीण को वित्तीय एथ बैंकिंग सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। शुभारभ अवसर पर गोविन्दा उन्द्रे क्षेत्रीय समन्वय गढ़पिछ्वाड़ी कलस्टर एवं पीआरपी सुधा पटेल गढपिछ्वाड़ी कलस्टर एवं शारदा मंडावी बीसी सखी, शांति साहू एफ्एलसीआर एवं बिहान स्व सहायता समूहों के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रथम पेज का शेष

राष्ट्रपति से मिलीं राज्यपाल...

राज्यपाल अनुसूईया उइके के राष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री आदि से मुलाकात के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यपाल वहां गई हैं तो उन्हें कहना चाहिए कि इस कानून को नवीं अनुसूची में भी शामिल करें। यहां आकर विधेयकों पर दस्तखत करें और राष्ट्रपति के पास भेजें अनुसूची 9 में शामिल कराने के लिए। वे हमारी संवैधानिक प्रमुख हैं, इसलिए उनकी जिम्मेदारी अधिक है। वह राष्ट्रपति को इसके लिए तैयार करके आएं। छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और ईडब्ल्यूएस के हितों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति को कन्वींस करके आएंगी, ऐसा मैं मानता हूं और मुझे उम्मीद है।

केंद्र सरकार पर भी साधा निशाना

शादी के कार्ड में छपेगा रिटायर्ड अग्निवीर। सेना को कमजोर करने का काम तो भाजपा की केंद्र सरकार कर रही है।

कुम्हारी हादसे में अनाथ बच्ची ...

रात में दुर्ग से रायपुर के लिए निकले आजूराम खतरे का अंदाजा नहीं लगा पाए और फ्लाइओवर पर चढ़ गए। 100 मीटर आगे उन्हें पुल अधूरा दिखा तो उन्होंने ब्रेक लगाया, लेकिन बाइक की स्पीड नियंत्रित नहीं हो पाई और पति, पत्नी और बेटी के साथ वे नीचे गिर गए। बाद में पहुंची पुलिस ने घायल अन्नू को एम्स पहुंचाया। वहां इलाज के बाद उसको छुट्टी मिल गई है। बताया जा रहा है कि मृतक दंपती की तीन बेटियां हैं, जिसमें अन्नू सबसे बड़ी है।

महाठग सुकेश चंद्रशेखर का केजरीवाल सरकार पर बड़ा आरोप...

वहीं, अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने 23 दिसंबर से बहरीन की यात्रा करने की अनुमति के लिए एक आवेदन दायर किया है। अदालत ने ईडी को 22 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दें कि महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडीज का नाम भी शामिल है। जैकलीन पर आरोप है कि उन्होने सुकेश चंद्रशेखर से कार और घर समेत कई महंगे गिफ्ट लिए हैं। ईडी और दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जैकलीन फर्नांडीज इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 12 दिसंबर को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुई थीं। कोर्ट में संक्षिप्त सुनवाई हुई थी। कोर्ट में विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने शुरुआती दलीलें सुनने के बाद सुनवाई को स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद केस की अगली सुनवाई 20 दिसंबर तक के लिए टाल दी गई थी।

कार्यालय नगर पंचायत पंडरिया, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/839/ लोनिवि / न.पं./2022-23 पंडरिया, दिनांक- 19/12/2022

-: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना :-

नगर पंचायत पंडरिया क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नानुसार निर्माण कार्यो हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

(राशि लाख में)

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	एसओआर भवन/रोड	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1.	वार्ड क्र. 15 में सर्वसमाज सामुदायिक भवन निर्माण	19.50	लो.नि.वि. 01.01.2015	28/12/2022
2.	वार्ड क्र.. 01 बड़े जैतखाम से मुन्ना के घर तक सी.सी. रोड निर्माण	2.33	भवन / रोड एसओआर	
3	वार्ड क्र. 05 मेन रोड से बलराम के घर तक सी. सी. रोड निर्माण	2.33		
4	वार्ड क्र. 06 गुरूभेज के घर से चैतुराम भट्ठ के घर तक सी.सी. रोड निर्माण	2.98		
5	वार्ड क्र. 13 नाथू साहू के घर से दुर्गेश जायसवाल के घर तक नाली निर्माण	2.66		

उपरोक्त निर्माण कार्यो, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पंडरिया

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग

क्रमांक / लो.क. वि. / जोन-2 / 2022 /753/377 भिलाई, दिनांक 15/12/22

निविदा सूचना

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र . 29 वृंदानगर आंध्रा प्रवास में नाली एवं पुलिया संधारण कार्य ।	2.98	05.01.2023
2	खनिज न्यास मद अंतर्गत वार्ड क्र. 22 कुरूद आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. -02 एवं 03 का मरम्मत कार्य	2.00	05.01.2023
3	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र.-23 घासीदास नगर लकड़ी टाल के पास यात्री प्रतिक्षालय निर्माण कार्य ।	2.35	05.01.2023
4	मूलभूत सुविधा अंतर्गत जोन क्र. 02 वैशाली नगर जोन कार्यालय में सेप्टिक टैंक एवं प्रसाधनों का संधारण कार्य।	1.00	05.01.2023
5	मूलभूत सुविधा अंतर्गत जोन क्र.02 क्षेत्रांतर्गत गौरव पथ के स्ट्रीट लाईट पोल पर व्हाईट एल.ई.डी. स्ट्रीप लाईट संधारण कार्य	1.75	05.01.2023
6	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. - 16 सुपेला के विभिन्न स्थानों पर मंच, चबूतरा संधारण एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य ।	6.00	05.01.2023
7	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. - 22 कुरूद प्रगति नगर में सीवर लाईन तथा चेम्बर संधारण कार्य।	2.18	05.01.2023
8	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 19 राजीव नगर निष्ठा महिला मण्डल सामुदायिक भवन में टाईल्स लगाने का कार्य।	0.80	05.01.2023
9	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 21 कैलाश नगर अमृत मिशन उद्यान के समीप छोटे उद्यान का निर्माण कार्य ।	2.00	05.01.2023
10	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 25 जवाहर नगर चित्रांश चेतना मंच के पास सार्वजनिक भवन का निर्माण कार्य।	5.00	05.01.2023
11	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. - 19 राजीव नगर गुरूनानक नगर, आजाद चौक, कारगिल चौक दुर्गा टिम्बर के पीछे एवं साहू पारा में पुलिया संधारण कार्य।	3.00	05.01.2023
12	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 15 अंबेडकर नगर के विभिन्न स्थानों में नाली एवं पुलिया संधारण कार्य।	3.00	05.01.2023
13	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 29 वृंदानगर युवा आंध्रा पारा के पास सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य	4.00	05.01.2023
14	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 25 सामुदायिक भवन निर्माण कैलाश नगर कुरुद रोड कोहका भिलाई।	7.00	05.01.2023
15	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 23 गुरूघासीदास नगर में प्रसाधन कक्ष निर्माण कार्य।	3.00	05.01.2023
16	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 27 शास्त्री नगर शिव मंदिर डबरा पारा में सार्वजनिक मंच संधारण कार्य	2.00	05.01.2023
17	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. - 14 शांति नगर स्वर्णकार पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	3.00	05.01.2023
18	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र . 20 वैशाली नगर शा. मद से निर्मित सार्वजनिक सियान सदन का संधारण कार्य	3.00	05.01.2023
19	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र.-25 पानी टंकी परिसर हाउसिंग बोर्ड के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (द्वितीय बार)	5.00	30.12.2022

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in और bhilai urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है।
संपत्तिकर भू-भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें।
जल ही जीवन है, जल का सदउपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाए।
2. घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।
अपील समस्त शहरवासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी / कचरा की फोटो खीचकर स्वच्छता एप में भेजें।

जोन आयुक्त
2 जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, भिलाई

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

युकां प्रदेशाध्यक्ष का हुआ स्वागत

नवागढ़/नवप्रदेश। मुंगेली प्रवास के दौरान ग्राम चाकापेन्ड्रा के पास युवा कांग्रेस के नवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष आशीष वर्मा के नेतृत्व में युवा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का आतिशबाजियों के बीच भव्य स्वागत किया। इस दौरान संदीप राजपूत, रूपेंद्र राजपूत, जन्मेजय, मुकुल, महेंद्र जस्सी, सोनू, ओंकार सहित सैकड़ो की संख्या मे युवा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

लैंगिक उत्पीड़न प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 28 को

गरियाबंद/नवप्रदेश। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 एवं नवा बिहान अंतर्गत घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के क्रियान्वयन के संबंध में 28 दिसम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे होटल सिटी रिजेन्सी में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। कार्यशाला स्थानीय शिकायत समिति एवं जिला/विकासखंड स्तर पर कार्यरत शासकीय, गैर शासकीय कार्यलय/संस्थाओं में गठित आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों हेतु की जा रही है। प्रत्येक आंतरिक शिकायत समिति से 01 प्रतिभागियों को नामांकित कर प्रशिक्षण सह कार्यशाला में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

आज प्रशासन तुंहर द्वार शिविर का आयोजन मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय आदित्य नगर में

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शहर में आम जनता के समस्याओं के निवारण के लिए मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय आदित्य नगर में वार्ड 19,20,21 और 22 के लिए दिनाँक 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से प्रशासन तुंहर द्वार शिविर आयोजित है। आवेदक अपनी समस्या लेकर निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते हैं। वार्डो के हितग्राही की समस्या निवारण हेतु शिविर में आयुष्मान कार्ड,श्रमिक कार्ड व आधार कार्ड बनाने की सुविधा शिविर में उपलब्ध रहेगी।वार्ड के नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ अवश्य उठाए।

जयंती समाज को जोड़ने का माध्यम : गुरुदयाल बंजारे

नवागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवरी और धौराभाठ खुर्द में गुरु घासीदास जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे शामिल हुए। ग्रामीणों ने संसदीय सचिव का भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। जयंती समारोह का शुभारंभ जैतखाम की पूजा अर्चना से हुई। संसदीय सचिव श्री बंजारे ने इस अवसर पर कहा की सतनामी समाज के लिए दिसम्बर माह गुरु पर्व का माह होता है। जयंती के माध्यम से सभी समाज को जोड़ने का प्रयास किया जाता है। जिससे आपसी भाई चारे का भाव बनता है। आप सभी का स्नेह और बाबा जी के आशीर्वाद से आज इस गांव में आने का अवसर मिला। बाबा जी का संदेश मनखे मनखे एक समान का संदेश सभी के बीच पहुचाने का प्रयास सतनामी समाज करता है। बाबा जी का उद्देश्य मानव जाति का कल्याण है। बाबा जी का उद्देश्य सिर्फजयंती तक याद ना रहे ये हमेशा याद रहे। श्री बंजारे ने उपस्थित ग्रामीणों को नवागढ़ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पंथी प्रतियोगिता में शामिल होने का न्यौता भी दिया। कार्यक्रम में नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, राजमहंत अनूप कुर्रे, नैना कुर्रे, रूप प्रकाश यादव, अरविंद कुर्रे, अश्वनी बंजारे, टेकराम बंजारे, भरत चतुर्वेदी, लुपेश मारकंडे, संतोष बंजारे, द्वारिका सोनवानी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

स्टेनोग्राफर एवं सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पदों के भर्ती हेतु प्रवेश पत्र वेबसाईट में उपलब्ध

दुर्ग/नवप्रदेश। स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से पूर्ति हेतु उक्त विज्ञापन के परिपेक्ष्य में स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड-3 के सीधी भर्ती की दिनांक 15 जनवरी 2023 को दोनों पदों हेतु संयुक्त प्रारंभिक लिखित परीक्षा शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित की गई है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर जिला न्यायालय, दुर्ग की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है । साथ ही उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश पृथक से वेबसाईट पर अपलोड किये गये है।

सर्वे के नाम पर समय व्यतीत कर रहा है राजस्व विभाग

- **नहीं दे रहे हैं सही-सही जानकारी, किसानों की कितनी जमीन गई रोड में**
- **मामला चर्चित छुईखदान-दनिया रोड का**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गड़बड़ी के लिए महीनों से चर्चित एडीबी प्रोजेक्ट के तहत बन रहे छुईखदान-दनिया मार्ग निर्माण में रोज हो रहे हैं नए नए खुलासे। तहसीलदार ने दी गलत एलओआर उपलब्धता सम्बंधित प्रमाण पत्र। नई जानकारी के अनुसार। एडीबी प्रोजेक्ट के अधिकारी का कहना है कि राजस्व विभाग छुईखदान कि ओर से जो हमें आरओडब्लू दिया गया है, उसमें दनिया रोड में रोड के मध्य रेखन से दोनों ओर 20-20 मीटर भूमि उपलब्ध होना बताया गया है, इसके बाद ही हमारे निर्माण सलाहकार द्वारा मार्ग निर्माण हेतु एक रेखन निर्धारित किया गया है।

उक्त बातें लिखते हुए एडीबी प्रोजेक्ट प्रबंधक के द्वारा राजस्व विभाग को पत्र लिखकर किसानों के द्वारा रोड के जद में जमीन आने की बात कहते हुए जो कानूनी नोटिस भेजा गया है, उसको निराकरण हेतु नोटिस की प्रति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) छुईखदान को प्रेषित कर 9 अक्टूबर को गठित दल को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया है।

ड्यूटी लगने के बाद भी छुईखदान तहसीलदार रही नदारत

इधर एडीबी प्रोजेक्ट के अधिकारी के इस आग्रह का कोई असर राजस्व विभाग या 09 अक्टूबर को गठित दल पर होता हुआ देखने को नहीं मिल रहा है। इस संबंध में गठित दल के एक सदस्य से जब जानने का प्रयास किया गया तो उसने बताया कि प्रतिवेदन अब तक प्रस्तुत ही नहीं किया गया है। इधर किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। न राजस्व विभाग कि ओर से न एडीबी प्रोजेक्ट की ओर से किसानों को कोई जवाब दिया जा रहा है, न मुआवजा दिलाने की दिशा में पहल कर रहे हैं। किसानों की जमीन सीमांकन के लिए गठित टीम में से गंडई तहसील के गांवों में सीमांकन के समय तहसीलदार, आरआई, पटवारी तो उपस्थित रहे, किन्तु छुईखदान तहसीलदार नेहा विश्वकर्मा ने किसानों की तकलीफ समझने के बजाए जितने भी सर्वे हुए उससे नदारत ही रही।

किसान बहुत जल्दी जाएंगे शिकायत लेकर राजधानी रायपुर

तहसीलदार के इस उदासीनता से किसानों में नाराजगी भी है। इधर किसान पूरे मामले को लेकर राजधानी रायपुर जानें की तैयारी में हैं। किसान मंत्री और एडीबी प्रोजेक्ट के बड़े अधिकारियों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी देकर न्याय की मांग करेंगे। साथ ही किसानों ने दोषियों पर कार्यवाही की भी मांग करेंगे।

आधे अधूरे अधिग्रहण की प्रक्रिया

पट्टा भूमि के मुआवजा देने या नहीं देने के मुद्दे पर राजस्व विभाग मौन धारण कर लिए हैं। खैरागढ़ जिला कार्यालय भू-अर्जन शाखा से संबद्ध बड़े बाबू दिनेश चंदेल का कहना है कि सिर्फ3 गांव के किसानों की निजी भूमि अधिग्रहण का प्रकरण आया है और 6 गांव उदयपुर, पद्मावतीपुर, गोपालपुर, सिलपट्टी आदि के निजी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अपूर्ण है। शेष गांव दनिया, उदान, जोम, मैंहर, महुआभाठा आदि गांव का भूमि अधिग्रहण संबंधित कोई फाइल छुईखदान एसडीएम कार्यालय से नहीं आया है। श्री चंदेल ने बताया कि जैसे ही अधिग्रहण पर निर्णय जिला भू-अर्जन अधिकारी के द्वारा लिया जायेगा, उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया नियमानुसार की जायेगी। पट्टा भूमि के अधिग्रहण के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दे पाए।

प्रभावित किसान जिनकी जमीन सड़क में जा रही है, वो परेशान हैं

सरकार की छबि को कलंकित करने को आतुर आधिकारियों की उदासीनता से जनाक्रोश अपनी चरम पर है। बताया जाता है कि प्रशासन के रवैया से बड़े जनप्रतिनिधि भी नाराज बताए जाते हैं, जिन परिवारों के घर भू-स्वामित्व वाले पट्टा भूमि में बने थे, वो भी मुआवजा के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, पर समुचित जवाब कहीं से भी नहीं मिल पा रहा है।

बड़े आंदोलन की तैयारी : ताम्रकार

इस संबंध में किसान नेता खम्हन ताम्रकार का कहना है कि केवल हवा हवाई बातें राजस्व विभाग और एडीबी परियोजना की अधिकारियों द्वारा की जा रही है। एक महीने से ऊपर हो गया पुनः सर्वे की घोषणा कर टीम का गठन किए हुए, लेकिन आज तक धरातल में शून्य है। सांसद संतोष पाण्डेय एवं भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं को विषय को अवगत करा कर बड़ा आंदोलन कर सरकार को घेरने की तैयारी है। प्रभावित परिवार और किसानों को हर हाल में न्याय दिला कर रहेगें।

> एडीबी लोन-3 के अंतर्गत छुईखदान-दनिया मार्ग के पुनर्निर्माण हेतु आरओडब्लू उपलब्धता संबंधित प्रमाण पत्र तहसीलदार छुईखदान द्वारा ज़ारी किया गया है। तदानुसार उक्त सड़क निर्माण के लिए निर्माण सलाहकार द्वारा मार्ग का रेखन निर्धारित किया गया है।
>
> **बीके पटौरिया, परियोजना प्रबंधक एडीबी प्रोजेक्ट।**

'मनखे-मनखे एक समान' आदर्श को आत्मसात करके ही मानव जाति का होगा कल्याण : छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंदई, कुम्हि (ख) एवं नगर बेमेतरा में अयोजित परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जयंती एवं एक दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। बाबा गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सत के मार्ग पर चलते हुए समाज के अधंकार को दूर करने का प्रयास किया। छत्तीसगढ़ की धरती में बाबा गुरु घासीदास अवतरित हुए और छत्तीसगढ़ी बोली में जन जन तक अपना संदेश पहुंचाया। समानता, सामाजिक समरसता का संदेश देकर बाबा ने मानव समाज को एक सूत्र के जोड़ने का कार्य किया। बाबा का संदेश 'मनखे मनखे एक समान' मानव मानव में कोई भेदभाव नहीं हैं, सब समान हैं, इसके अलावा उन्होंने सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है का संदेश दिए। सामाजिक समरसता छत्तीसगढ़ की पहचान हैं, पंथी गीत और नृत्य छत्तीसगढ़ का एक ऐसा लोक संगीत है, जिसमें अध्यामिकता की गहराई तो है ही, साथ ही भक्त की भावनाओं की ज्वार भी हैं, इसमें जितनी सादगी हैं, उतना ही आकर्षण और मनोरंजन भी हैं।

साथ ही वार्ड 02 विद्यानगर पिकरी वासियों की मांग पर विधायक आशीष छाबड़ा ने सामूदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 25 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, टीआर साहू सदस्य जिपं बेमेतरा, सूर्यप्रकाश शर्मा विधायक प्रतिनिधि, मनोज शर्मा, सुमन गोस्वामी ने भी सभा को संबोधित किया। आयोजन में तुम्मन साहू, जितेंद्र साहू, भागवत साहू, धनराज बंजारे, रोशन वर्मा, प्रवीण शर्मा, जया साहू, अशोक पटेल, ममता वर्मा, इंद्रचंद जैन, गंगाधर, ओनि महिलांग, रमेश वर्मा, कृष्णा भारती, संतोष, देवशरण गोसाई, किशन दिवाकर, राजाराम साहू, अजीत, सुभम वर्मा, राजकुमार सेन, गुड्डू सेन, गोविंदा राजपूत, रूबी सलूजा, इंदु बंजारे, संस्कार शर्मा, भुनेश्वरी राय, दुर्गाराम साहू, अमित राजपुत, दिना साहू, ऋषि साहू, विष्णु, अर्जुन साहू, गैदलाल, हरी बाधे, लखन लाल, रति, माखन अंनत, संतोष, देवनाथ बांधे, सुरुज लाल, महादेव कौशल, वासुदेव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहें।

मनरेगा से मिल रहा गांवों में रोजगार पलायन करने से श्रमिक हो रहे दूर

- **कलेक्टर ने दिये निर्देश हर हाथ को मिले काम**
- **जिले में मनरेगा के तहत 1902 कार्यो में 79 हजार 425 श्रमिक कर रहे हैं कार्य**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कोरोना काल के उस दौर में भी महात्मा गांधी नरेगा ने ग्रामीण मजदूरों का हाथ थामे रखा और काम दिया, जिससे योजना में श्रमिकों की निर्भरता बढ़ती जा रही है। योजना से जुड़े श्रमिक प्रतिदिन तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, मिट्टी सडक, नहर सफाई जैसे विकास कार्यों सहित अन्य मजदूरी मूलक कार्यों में, रोजगार प्राप्त करते हुए परिसंपत्तियो का निर्माण कर रहे हैं। 20 दिसम्बर तक मनरेगा के 1902 कार्यों में 79 हजार 425 श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराया गया। मजदूरों की संख्या बढ़ती जा रही है। किसान अब फसल कटाई के कार्य से धीरे-धीरे निवृत्त हो रहे हैं। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बताया कि जिले में मनरेगा जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देशन में मनरेगा का कार्य सुचारु रुप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए है कि हर हाथ को काम मिले और मांग आधारित योजना के माध्यम से लोगो को रोजगार मिले। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यो को शुरू करते हुए जॉब कार्डधारी परिवार को रोजगार मुहैया कराया जाए ताकि गांव से पलायन की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी को नियमित रूप से मनरेगा के कार्यो की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है।

322 ग्राम पंचायतों में चल रहा है मनरेगा का काम - जिले की 336 ग्राम पंचायतों में से 322 ग्राम पंचायतों में 1902 मनरेगा के कार्य चल रहे हैं, जिनमें 79 हजार 425 मजदूरों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जैसे-जैसे धान को बेचकर किसान फुर्सत हो रहे है, वैसे-वैसे मनरेगा कार्यों में सहभागिता बढ़ती जा रही है। जिले की जनपद पंचायत छुरा में 69 ग्राम पंचायतों में 389 कार्यों में 13 हजार 953 श्रमिकों को काम दिया जा रहा है। इसी तरह जनपद पंचायत देवभोग में 53 ग्राम पंचायतों में 348 कार्यों में 12 हजार 945 श्रमिकों को काम दिया जा रहा है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर में 65 ग्राम पंचायतों में 255 कार्यों में 12 हजार 612 श्रमिक काम करते हुए रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। जनपद पंचायत गरियाबंद में 62 ग्राम पंचायतो मे 345 कार्यों में 18 हजार 811 श्रमिकों को कार्य दिया जा रहा है। जनपद पंचायत मैनपुर में 73 ग्राम पंचायतों में 565 कार्यों में 21 हजार 104 श्रमिकों को काम दिया जा रहा है।

जनचौपाल में मिले 45 आवेदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 45 लोगों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोक्तिमा यादव ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही आवेदकों की समस्या संबंधी आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु आवेदन सौंपे। साथ ही आवेदकों को उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। जनचौपाल में ग्राम ऊर्तुली के अगसिया बाई ने प्राथमिक राशन कार्ड को अन्त्योदय राशन कार्ड में बदलने, ग्राम बम्हनी के संतराम साहू ने सिकलिंग रोग से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता, ग्राम कनेसर की यशोदा ध्रुव ने वन अधिकार पट्टा, ग्राम खड़मा के रमन कंवर ने काबिज भूमि की पट्टा दिलाने, ग्राम धवलपुर के श्रवण कुमार ने जनधन बीमा दिलाने, ग्राम नहरगांव के रमेश निषाद ने मजदूरी राशि दिलाने, गरियाबंद की रूबी पटेल ने आया कार्य पर वापस रखने, ग्राम छुईया की ज्योति सिन्हा ने राशन कार्ड बनाने, दयालू राम ने बराबर बंटवारा प्रदान करने आदि जैसे विभिन्न आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

सामान्य सभा की बैठक 28 दिसंबर को

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक पूर्व में दिनांक 21 दिसंबर को दोपहर 12:00 जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित कर बैठक दिनांक 28 दिसंबर को कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग के सभाकक्ष में दोपहर 12:00 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य विभागों के कार्य की समीक्षा की जाएगी। बैंठक में संबंधित विभागों की उपस्थिति अनिवार्य है।

पत्नी की हत्या के आरोपी पति को आजीवन कारावास

- **अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के अपर सत्र न्यायालय ने हत्या के एक मामले में आरोपी पति के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है।

अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तजेश्वरी देवी देवांगन ने प्रकरण में अंतिम फैसला देते हुए आरोपी अशोक ध्रुव उम्र 48 वर्ष के खिलाफ भादवि की धारा 302 के अंतर्गत चले प्रकरण में आजीवन सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड निरोपित नहीं किए जाने पर आरोपी के विरुद्ध 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से सुनाया गया है।

न्यायालय से मिली जानकारी के मुताबिक मामला गरियाबंद जिला के थाना मैनपुर के ग्राम कोसमी का है, जहां 22 जून 2019 को आरोपी अशोक ध्रुव ने अपनी पत्नी द्रोपती बाई के सीने में हंसिया से मारकर हत्या कर दी थी। इस प्रकरण में न्यायालय ने उपरोक्त संपूर्ण साक्ष्य विवेचना उपरांत सोमवार 19 दिसंबर 2022 को फैसला सुनाते हुए आरोपी पति अशोक ध्रुव को मृतिका द्रोपती बाई के हत्या के संबंध में भादवि की धारा 302 के तहत आरोप में दोषसिद्ध होने पर आजीवन सश्रम कारावास की सजा एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं अर्थदंड निरोपित नहीं किए जाने पर आरोपी के विरुद्ध 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से सुनाया गया है।

कार्यपालन अभियंता को हटाने शुरू हुआ जिले भर में आंदोलन

- **काली पट्टी लगाकर काम करते रहे जल संसाधन के कर्मचारी**
- **मांग पूरी नहीं होने पर 27 दिसंबर को अनिश्चित कालीन धरना**

कांकेर/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग में दो दो ईई मामले की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने बड़ी ही प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

जल संसाधन विभाग के प्रभारी ईई के तबादले के बावजूद अपनी ऊंची पहुंच के चलते तबादले को रुकवाने में सफलता तो मिली इधर शासन से नियुक्त ईई ने हाईकोर्ट से कांकेर जल संसाधन विभाग में ईई पद को यथावत करवाने में सफल साबित होते कांकेर जल संसाधन विभाग में जॉयनिग लेने पहुंच गए। दो दो ईई के चक्कर में विभाग का सारा काम काज महीने भर से चौपट पड़ा हुआ था।

शासकीय स्तर पर कांकेर कार्यपालन अभियंता के पद पर हुई नियुक्त हुए राकेश कुमार असाटी ने हाईकोर्ट से राहत के बाद चार्ज नही मिलने से मामले को वापस लेकर विभाग के आदेश का पालन करते रायपुर डिविजन में ज्वाइन कर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं।

इधर जलसंसाधन विभाग के कर्मचारियों ने अपने विभाग के वर्तमान कार्यपालन अभियंता चौहान के खिलाफ महिलाओ से दुर्व्यहार कमेचरियो से बदसुलकी सहित अपने घटिया व्यवहार के चलते शासकीय सयुक्त मोर्चा संघ के बैनर तले कार्यपालन अभियंता के खिलाफ मोर्चा खोल एस के चौहान को हटाने लामबंद हो चुके है। बीते मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन और नही हटाए जाने पर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। अब कर्मचारी सीधे कार्यपालन अभियंता को हटाने एक जुट होकर आंदोलन तक बात पहुंच गई है।

नवप्रदेश
जल संसाधन विभाग के प्रभारी ईई की छुट्टी लगभग तय

दैनिक नवप्रदेश ने जल संसाधन विभाग की ईई को हटाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है। दैनिक नवप्रदेश की लगातार खबर के बाद विभाग के अधिकारी कर्मचारी एकजुट होकर कार्यपालन अभियंता एन के चौहान को हटाने जिले भर में 20 दिसंबर से काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन कर शासकीय कार्य करने मजबूर दिख रहे हैं।

ईई को हटाने संघ ने सौंपा ज्ञापन

20 से 26तक काली पट्टी लगाकर विरोध 27 को आंदोलन की चेतावनी संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला कांकेर छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त संगठन के प्रमुख प्रमोद तिवारी एवम शरीफ खान ने बताया की एन.के.चौहान, प्रभारी कार्यपालन अभियंता को जल संसाधन संभाग कांकेर के द्वारा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से गाली गलोज अभद्र व्यवहार एवं तानाशाही रवैया को लेकर आपको पत्र के माध्यम से पूर्व में अवगत कराते हुए अन्यत्र हटाने की मांग की गई थी। आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने की दशा में पृहताडित अधिकारी / कर्मचारी अत्यन्त ही हतोत्साहित एवं आन्दोलन करने बाध्य होगा। कलेक्टर को लिखित ज्ञापन में जल संसाधन संभाग कांकेर के समस्त अधिकारी/कर्मचारी जल संसाधन विभागीय संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 20 दिसंबर 2022 से 26 दिसंबर 2022 तक काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन एवं कार्यवाही न होने की स्थिति में 27 दिसंबर 2022 से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है

विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के आंदोलन से किसानों को होगा नुकसान

20 दिसंबर से जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मांग पूरा नहीं होने के स्थिति में क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता हैं। क्योंकि इस समय खेतो में मक्का धान हरि सब्जियां लहरा रहे हैं।ऐसे में जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन होने पर किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। जिले भर में करोड़ो के निर्माण कार्य भी बुरी तरह प्रभाबित हो सकता है।जलाशय से पानी की आपूर्ति में भी बाधा उत्पन्न होने की संभावना भी जताई जा रही हैं।

सरसींवा बनेगा तहसील, पवनी को नगर पंचायत बनाने की सीएम ने की घोषणा, बिलाईगढ़ में खुलेगा सहकारी बैंक

मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं राज्य गीत से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय टेकाम, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय, अ.जा. विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े उपस्थित रही।

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना के लाभान्वित नरेश श्रीवास ने बताया कि 3 किश्त में 6 हजार रुपए मिल गया है। बहुत अच्छा लग रहा है

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना के लाभान्वित नरेश कुमार श्रीवास ने बताया कि 3 किश्त में 6 हजार रुपए मिल गया है। बहुत अच्छा लग रहा है। उसने बताया कि मैं सेलून में काम करता हूं, इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि नाई ,लोहार, बढ़ई, पुजेरी, धोबी, या जिनके पास भी भूमि नहीं है, उनके लिए सरकार 7 हजार रुपए दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने नरेश कुमार को सेलून खोलने के लिए 2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की स्वीकृति दी।

राजीव युवा मितान क्लब के नोहर साहू, ग्राम बिलासपुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि गांव में विभिन्न ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराए हैं।

ग्राम सलिहा की प्रीति अजगले ने बताया कि उनकी आस्था महिला स्व-सहायता समूह ने बताया कि गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बना रहे है

ग्राम सलिहा की प्रीति अजगले ने बताया कि उनकी आस्था महिला स्व-सहायता समूह ने बताया कि गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बना रहे है। अब तक बेचे कम्पोस्ट की राशि मिल चुकी है।

चेतन बाई महिलांग ने कहा कि यह सरकार छोटे बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक की चिंता करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री कलेक्टर को मनरेगा, गौठान में काम और भूमिहीन न्याय योजना के तहत राशि देने एवं उनकी बीमारी के इलाज के निर्देश दिए।

सोनाखान में की गई घोषणाएं

- शहीद वीर नारायण सिंह की कर्मभूमि सोनाखान स्थित एकलव्य आवासीय परिसर में विभिन्न संसाधनों हेतु 5.6 करोड़ रूपये स्वीकृति की घोषणा
- ग्राम सोनाखान में ग्रामीण अधोसंरचना विकास के लिये 2.5 करोड़ रूपये की स्वीकृति
- सोनाखान के समीपवर्ती ग्राम अर्जुनी, भूसड़ीपाली, महकोनी एवं महकम में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु 50 लाख रूपये की स्वीकृति
- सोनाखान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला जायेगा
- टुण्डरा के हाईस्कूल के लिए नये भवन का निर्माण कराया जायेगा
- गिरौदपुरी धाम के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के रूप में किया जायेगा
- सोनाखान में सहकारी बैंक खोला जायेगा
- जिले के भवनविहीन स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भवन बनाया जाएगा
- क्षेत्र के 44 गांवों में वीर नारायण सिंह समूह नल जल प्रदाय योजना की घोषणा
- गिरौदपुरी, राजादेवरी से बया पहुँच मार्ग पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की घोषणा
- चरींदा (बया) से बार होते हुए तुरतुरिया पहुँच मार्ग पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की घोषणा
- सलिहा सो कुशगढ़ विजयमाल होते हुए सांकरा पहुँच मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की घोषणा
- गिरौदपुरी में अनुविभागीय कार्यालय (एस.डी.एम. कार्यालय) खोला जाएगा

किसान कोमल प्रसाद साहू ग्राम धोबनी, ने बताया कि एक लाख 10 हजार का ऋण माफ हो गया है



राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीन किस्त मिल गई है। उन्होंने बताया कि मिले पैसे से 30 डिसमिल खेत करते हैं। बताया कि वे जैविक खेती करता हूं। बताया कि जैविक पद्धति से बैगन की खेती करते हैं। पांच साल धान की खेती के बराबर लाभ एक साल के बैगन की खेती से होता है। पिछले साल बैगन की खेती से 5 लाख रुपए का फायदा हुआ है। जैविक खेती से जमीन की उर्वरता बढ़ी है। किसान श्री कोमल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया कि वे जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

Designo Plus
A COMPLETE SOLUTION FOR TILES
डिजाइनो प्लस
सम्पूर्ण टाइल्स एवं सैनिटरी आइटम का रेंज –
- फ्लोर टाइल्स
- वॉल टाइल्स
- रोफिंग टाइल्स
- इल्वेसन टाइल्स
- पेवर ब्लॉक
- कट वर्क
- डिजाइनर टाइल्स
- सैनिटरी टाइल्स
- सीपी फिटिंग
- टाइल्स एडहेसिव (टाइल चिपकने वाला)
- जाली इलेवेशन

फस्ट फ्लोर रजा काम्पलेक्स मार्बल मार्केट, पचपेड़ी नाका रायपुर (छ.ग.) मो. - 9302762789

चर्म, बाल एवं नाखून रोग विशेषज्ञ एवं सौंदर्य सलाहकार
डॉ. हिमांशु पंचारी
MD (Skin & V.D.), BJMC, Ahmedabad
Skin & Cosmetic Specialist
समय: सुबह 10:30 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक
शाम 5:30 बजे से रात 8:00 बजे तक
रविवार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
- सौंदर्य परामर्श व समाधान
- मुंहासे एवं दाग धब्बे
- सफेद दाग व ल्यूकोडर्मा
- पुराना एक्जीमा व एलर्जी
- बालों के रोगों का संपूर्ण इलाज
- सोरियासिस
- नाखून के रोग
- समस्त प्रकार के रतिज रोग
- कुष्ठ रोग
- त्वचा एवं चेहरे में चमक लाना
- शरीर में खुजली या दाद

पता- विकास मेडिकल स्टोर
शॉप नं.9, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, मेन रोड कालीबाड़ी, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 9099099724, 9425513239, 88399-00446

MATTRESS
6x6 = रू. 2500/-
3x6 = रू. 1200/-
4x6 = रू. 1600/-
ऑफर कुछ दिन...
संजय रुई भंडार
ICICI बैंक के पास, पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

RUTVA TILES
9754740518
8815105801
रूतवा टाईल्स रायपुर
शो-रूम
फ्लोर, वॉल, विट्रीफाईड टाईल्स ग्रेनाईट, फर्शी पत्थर, सेनेटरी एण्ड बॉथ फिटिंग के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
संबंधित प्रतिष्ठान :
- रूतवा सिरामिक्स मोरबी (गुजरात)
- न्यू रूतवा सिरामिक्स कांकेर
- रूतवा टाईल्स कोण्डागांव
- रूतवा टाईल्स जगदलपुर
- रूतवा टाईल्स नगरी
- रूतवा टाईल्स दुर्ग
- रूतवा टाईल्स बालोद
- रूतवा टाईल्स कवर्धा
- रूतवा टाईल्स दंतेवाड़ा
- रूतवा टाईल्स रांची (झारखण्ड)
- रूतवा टाईल्स कटहलमोड़
- रूतवा टाईल्स दलादली

सांई मोटर्स के सामने, अमलीडीह मोड़, नया धमतरी रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) 492001